# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025







**कमेटी बनाई गई**

*छात्रों ने मुलाकात कर परीक्षा परिणाम के बारे में बताया था। इस आधार पर जांच कमेटी का गठन किया गया है। इसके अलावा बच्चों को 15 दिन के भीतर अपनी उत्तरपुस्तिका लेकर स्वयं जांच करने कहा गया है। जांच के बाद छात्रहित को ध्यान में रखकर नियमानुसार फैसला लिया जाएगा।*

*-डॉ. पीके पात्रा, कुलपति आयुष विवि*

# आयुर्वेदिक परिणाम... दो जोन में जंची उत्तरपुस्तिकाएं, बिलासपुर में सब पास, रायपुर जोन में टॉपर भी फेल!






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

आयुष विवि के परीक्षा परिणामों ने छात्रों को हैरान कर दिया है। अपने नतीजों से असंतुष्ट छात्र अब पुनर्मूल्यांकन की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने विवि के मुख्य द्वार के सामने डेरा जमा लिया। मामला बीएएमएस अर्थात बैचलर इन आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी का है। अगस्त माह में इसकी परीक्षा हुई थी और परिणाम अक्टूबर में घोषित किए गए। परिणाम आने के बाद से छात्र लगातार विवि प्रबंधन से मांग कर रहे हैं कि उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन किया जाए।

बीएएमएस पाठ्यक्रम 4 वर्ष 6 माह का होता है। अंतिम वर्ष के छात्रों संग यह वाकया हुआ है। 207 छात्रों ने परीक्षा दिलाई थी। इनमें से 105 को फेल कर दिया गया है। विशेष बात यह है कि अधिकतर छात्र सर्जरी और शालाक्य विषय में फेल हुए हैं। जारी किए गए नतीजों के पैटर्न भी चौंकाने वाले हैं। शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज बिलासपुर के नतीजे 100 प्रतिशत रहे हैं। कई अन्य महाविद्यालयों के परिणाम भी 80 से 90 प्रतिशत तक रहे हैं। इसके उलट रायपुर के शासकीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

## 207 में से 105 फेल, टॉपर्स को भी 300 अंकों की परीक्षा में मिले 15 अंक

### विवि ने कहा-पुनर्मूल्यांकन नहीं, केवल पुनर्गणना

शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर, राजीव लोचन कॉलेज दुर्ग और भारती आयुर्वेदिक कॉलेज दुर्ग के परिणाम सर्वाधिक खराब हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, हम केवल अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं। विवि प्रबंधन का कहना है कि पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है। छात्र यदि चाहें तो ▶▶|शेष पेज 7 पर




### शासकीय महाविद्यालय में जंचती हैं कॉपियां

चूंकि मूल्यांकन कार्य गोपनीय कार्य के अंतर्गत आता है, ऐसे में विवि प्रबंधन द्वारा छात्रों को अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उत्तरपुस्तिकाएं रायपुर और बिलासपुर के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में जांची जाती है। बिलासपुर शासकीय महाविद्यालय सहित उस जोन के अन्य कॉलेजों की कॉपियां रायपुर के शासकीय महाविद्यालय में जांची गई। इनके परिणाम 100 प्रतिशत अथवा इसके समकक्ष रहे हैं। इसी तरह से रायपुर शासकीय महाविद्यालय सहित उक्त जोन के अन्य कॉलेजों की उत्तरपुस्तिकाएं बिलासपुर शासकीय महाविद्यालय में भेजी गईं। यहां टॉपर्स को भी फेल कर दिया गया है।

---

उदंती एरिया कमांडर सुनील सहित 07 नक्सलियों ने जंगल से निकलकर किया आत्मसमर्पण

# नक्सलियों की उदंती एरिया कमेटी का सरेंडर, 37 लाख का था ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

गरियाबंद धमतरी और ओडिशा के नुवापाड़ा डिविजन तक फैले उदंती एरिया कमेटी से एक बड़ी खबर सामने आई है। कमेटी के सारे 07 सक्रिय नक्सली आत्मसमर्पण कर दिए हैं। सरेंडर करने वालो में उदंती एरिया कमांडर सुनील भी शामिल है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियो में उदंती एरिया कमांडर सुनील उर्फ जगतार सिंह पर 08 लाख ईनाम एवं एरिया कमेटी सचिव अरिना टेकाम उर्फ सुगरो पर 08 लाख का ईनाम, डिप्टी कमांडर विद्या उर्फ जमली पर 05 लाख का ईनाम, लुदरो उर्फ अनिल पर 05 लाख का ईनाम, नंदनी पर 05 लाख का ईनाम, कांती पर 05 लाख का ईनाम एवं मल्लेश पर 01 लाख का इनाम घोषित था। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इन घटनाओं में रहे शामिल

*मई 2018 को ग्राम आमामोरा में जनदर्शन शिविर का आयोजन होने के पूर्व पुलिस पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट किए, जिससे 02 पुलिस कर्मी शहीद हुए। अगस्त 2021 को ग्राम देवझरअमली में भैंसागार्डन को तोड़फोड़ कर आईईडी ब्लास्ट किया। दिसम्बर 2021 में ग्राम पीपलखूंटा के एनीकेट निर्माण कार्य में लगी गाड़ियों को आग लगाने। 2 जनवरी 2022 को देवडोंगर के पहाडी में सीसी–देवजी के उपस्थिति में गरियाबंद पुलिस पार्टी पर फायरिंग किए। जिसमें एक पुलिस कर्मी को गोली लगी। सितम्बर 2022 को तेन्दूछापर के जंगल में मुठभेड, जनवरी 2023 को राजाडेरा के पास पूल* ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

## आवारा पशुओं के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला, आठ सप्ताह का दिया समय

# 'आवारा' पर सुप्रीम फरमान, भीड़ वाले सरकारी संस्थानों में 'बाड़' जरूरी, हाईवे से हटाएं मवेशी

आवारा पशुओं के मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की संयुक्त बेंच ने अपना फैसला सुनाया है। अदालत ने आठ हफ्तों की डेडलाइन देते हुए कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों आदि परिसरों में बाड़ लगाने, आवारा कुत्तों को हटाने और उन्हें डॉग शेल्टर होम में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उन्हें उसी जगह पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

कोर्ट ने कहा है कि वह दोबारा प्रवेश न कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द अधिकतम 8 हफ्ते के भीतर, पर्याप्त बाड़ लगाया जाए। कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की संयुक्ति बेंच ने अपना फैसला तीन हिस्सों में सुनाया है। पहले ▶▶|शेष पेज 7



### आदेश सुनकर रोने लगी याचिकाकर्ता महिला वकील

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट की वकील और याचिकाकर्ता ननिता शर्मा की आखों में आंसू नजर आए। उन्होंने बताया कि एनीमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत कुत्तों को उनके क्षेत्र से हटाना मना है, लेकिन इसे काटने की घटनाओं के आधार पर सही ठहराया गया है। उन्होंने कहा अगर आप पशुओं को शेल्टर हाउस में रख रहे हैं तो उनकी हालत भी अच्छी होनी चाहिए। हम आदेश का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कैसे शुरू हुआ यह मामला

यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वयं नोटिस में लिया था। इसमें दिल्ली में खासकर बच्चों के बीच,आवारा कुत्तों के काटने और उससे होने वाले रेबीज के मामलों की जानकारी दी गई थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर तक सीमित न रखते हुए इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कर दिया था।

### सख्ती से पालन नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव यह सुनिश्चित करें कि आदेश का सख्ती से पालन हो। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो जिम्मेदार अफसरों पर व्यक्तिगत तौर पर कार्रवाई होगी। आठ हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी, जिसमें बताया जाए कि इन निर्देशों को लागू करने के लिए क्या सिस्टम बनाया गया है। बढ़ते कुत्ते के काटने की घटनाओं को देखते हुए कोर्ट ने यह जरूरी निर्देश दिए हैं।

---

तीन दिन से चल रहा विवाद

# कोडेकुर्से में शव दफनाने को लेकर विवाद गहराया, दूसरे जिला में हुआ अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड के ग्राम कोडेकुर्से में ईसाई धर्मांतरण कर चुके युवक की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार को लेकर बीते तीन दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई है। गांव में शव दफनाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। एक ओर मृतक के परिवार व ईसाई समुदाय के लोग शव को गांव में दफनाने पर अड़े हुए थे। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने गांव की परंपरा व सामाजिक व्यवस्था का हवाला देते हुए दफनाने का विरोध कर रहे थे। अंततः कांकेर जिले से बाहर दूसरे जिले में अंतिम संस्कार करने की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अफवाहों से दूर रहे, शांति बनाए रखें: प्रशासन

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विवाद धर्म या व्यक्ति विशेष से नहीं बल्कि ग्राम की परंपरा और सामुदायिक शांति बनाए रखने से संबंधित है। वहीं ईसाई समुदाय का कहना है कि मृतक जीवनभर उनके धर्म और समाज में रहा, इसलिए उसका अंतिम संस्कार भी उसी रीति से होना चाहिए। लगातार तीन दिनों से चले टकराव के बाद भी समाधान नहीं निकल पाया है। जिससे गांव में असहजता और तनाव व्याप्त है। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहें।

---

5 घंटे से अधिक एनएच 43 जाम

# कोहरे के कारण टकराए सरिया लोड ट्रेलर और ट्रक, दो की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

शुक्रवार की अल सुबह ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के केबिन में फंसकर चालक और क्लीनर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। संभावना जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने और कोहरे के कारण हादसा हुआ। इस घटना के कारण लगभग पांच घंटे तक एनएच पर आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखा गया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक एचपी 24 डी 8850 का चालक एमपी के मऊगंज भिलाईगढ़ी सोनबरसा नईगढ़ी के ग्राम कुसहा निवासी 42 वर्षीय मुन्ना लाल यादव आ. स्व. हीरा लाल यादव व ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पांच घंटे प्रभावित रहा आवगमन

एनएच 43 पर ट्रेलर और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत के बाद ट्रेलर तिरछा हो गया जिससे एनएच पर आवागमन बंद हो गया। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में चालक क्लीनर फंसे हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आनन फानन में घायलों को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया इसके साथ ही ट्रक चालक मुन्ना लाल यादव और क्लीनर विपन यादव का शव बुरी तरह से फंस गया था। पुलिस ने कटर की मदद से वाहनों के केबिन को काटकर शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त करने के बाद परिजन को इसकी सूचना दी। इधर दुर्घटना के बाद सडक पर आवागमन सुबह 10 बजे तक प्रभावित रहा। पुलिस ने मार्ग डायवर्ट कर आवागमन कराया जबकि ▶▶|शेष पेज 7 पर











साइबर ठगों ने नकली दस्तावेज का किया उपयोग

# टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी के खाते से ठगो ने उड़ाए 56 लाख

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए हैं। उनको साइबर अपराधियों ने 56 लाख रुपये का चूना लगाया है। भारतीय स्टेट बैंक की कोलकाता हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में कोलकाता साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद मामला प्रकाश में आया। ठगों ने जाली दस्तावेजों से सांसद के खाते को हैक कर बड़ी रकम विभिन्न खातों में स्थानांतरित की है।



### इन जगहों पर इस्तेमाल हुई रकम

बताया जा रहा है कि पैसे को विभिन्न बैंक खातों में भेजा गया है और लाखों रुपये के आभूषण खरीदे गए हैं। कुछ हिस्सा एटीएम से निकाला गया है। एसबीआई ने साइबर पुलिस से तुरंत कार्रवाई को कहा है ताकि दोषियों और लाभार्थी खातों का पता लगाया जा सके। सांसद बनर्जी ने भी घटना को लेकर चिंता जताई और इससे आम लोग भी ठगे जा सकते हैं। घटना के बाद साइबर सुरक्षा और बैंकिंग प्रणाली की कमजोरियां सामने आई है।

सरगुजा में एक हाथी द्वारा किनारे खड़े वाहन से खाना निकालकर खा लिया गया। खाने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में हाथी हाईवा के केबिन से खाना ले रहा है। क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। हाथी सरगुजा के उदयपुर और सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले प्रेमनगर रेंज में फसलों के साथ ही घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# नेशनल हाईवे 130 में हाथी ने खड़े ट्रक से निकालकर खाया खाना

## घटना का वीडियो वायरल, क्षेत्र में मौजूद हैं 11 हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा संभाग में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। हाथी लगातर जंगलों से निकलकर फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। इस बीच सरगुजा के उदयपुर और सूरजपुर जिले के प्रेमनगर वन परिक्षेत्र में 10 हाथियों का दल व एक सिंगल हाथी लगातार भ्रमण कर रहा है। हाथी कई बार जंगल से निकलकर एनएच पर आ जा रहे है। इस बीच शुक्रवार को एनएच 130 पर हाथी का एक वीडियो वायरल हुआ है।



वायरल वीडियो में हाथी जंगल से निकलकर सड़क किनारे एक हाईवा वाहन में अपनी सूंड डालकर खाना ले रहा है। उक्त वायरल वीडियो प्रेमनगर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिवनगर साल्ही मोड़ का बताया जा रहा है। इस वीडियो में हाथी वाहन के केबिन से खाना लेते नजर आ रहा है। इधर हाथी के इस तरह एनएच पर आने और ट्रक से खाना लेने की घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। खाना खाकर चुपचाप जंगल में लौट गया।

### नारायणपुर में डटे हैं हाथी

बताया जा रहा है कि उदयपुर और प्रेमनगर क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे है। इनमें 10 हाथियों का दल एक साथ भ्रमण कर रहा है जबकि एक दंतैल अलग घूम रहा है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी लगातार किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही मकानों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ रही है। वन विभाग के अधिकारी हाथियों की मौजूदगी को गंभीरता से नहीं ले रहे है। बताया जा रहा है कि हाथी वर्तमान में नारायणपुर के जंगल में मौजूद है।

### लगातार रख रहे निगरानी

हाथी क्षेत्र में लगातार आमद बनाए हुए है। उक्त घटना हमारे क्षेत्र की नहीं है। फिलहाल 11 हाथी नारायणपुर में मौजूद है। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है।

-कमलेश कुमार राय
रेंजर वन परिक्षेत्र उदयपुर

## खबर संक्षेप

### दिवाली के बाद से एक्शन में पुलिस, 42 प्रकरण में 45 आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** जिले में नए पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा के पदभार ग्रहण करते ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों, कोचियों एवं जुआ-सट्टा के मामले में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी है। 11 दिन के भीतर पुलिस ने 42 प्रकरण दर्ज किया। जिसमें 45 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 1002 पौवा शराब इन्कनवे हजार चार सौ रुपए बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। ज्ञात हो कि शहर के कई मोहल्लो से लेकर ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से शराब बिक्री होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं क्षेत्र का आए दिन माहौल भी खराब हो रहा था। शिकायतों के मद्देनजर जिले की नई पुलिस कप्तान ने अवैध रूप से शराब बिक्री, परिवहन, जुआ , सट्टा एवं असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। जिसके चलते लगातार जिले में समस्त थाना एवं पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है।

### लालफीताशाही के कारण फाइलें महीनों, कई बार वर्षों तक लंबित रहती हैं

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव ने अपने विभाग की रिटायर्ड महिला कर्मचारी के पक्ष में हाईकोर्ट के सिंगल बेंच के फैसले को डिवीजन बेंच में 107 दिन बाद चुनौती दी। दायर याचिका के लिए राज्य सरकार ने विभागीय आदेश, फाइल चलने सहित विभागीय कारण गिनाए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में याचिका की सुनवाई हुई। नाराज डिवीजन बेंच ने विभागीय कामकाज के चलते विलंब से याचिका दायर करने के तर्कों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि लालफीताशाही के कारण फाइल कई महीनों, वर्षों तक लंबित रहती है। सरकारी विभागों में ईमानदारी के साथ ही प्रतिबद्धता के साथ काम करने की जरुरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी सरकारी निकायों, उनकी एजेंसियों और संस्थाओं को यह सूचित करने का यह सही समय है कि जब तक उनके पास देरी के लिए उचित और स्वीकार्य स्पष्टीकरण न हो और कोई वास्तविक प्रयास न किया गया हो, तब तक सामान्य स्पष्टीकरण को स्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। कोर्ट में राज्य सरकार की ओर कहा गया कि सिंगल बेंच ने 23 अप्रैल 2025 को आदेश पारित किया। 11 सितंबर 2025 को विधि और विधायी कार्य विभाग, राज्य सरकार ने पूर्वोक्त रिट अपील दायर करने की मंजूरी दी। इसके बाद, 12 सितंबर 2025 को संयुक्त संचालक, समाज कल्याण, बिलासपुर मामले के प्रभारी अधिकारी थे और संबंधित दस्तावेज संबंधित प्रभारी अधिकारी द्वारा प्राप्त किए गए थे। रिट अपील दायर करने की प्रक्रिया प्रभारी अधिकारी द्वारा शुरू की गई थी।

## आवास, खाने- पीने के भत्ते देने के साथ एक लाख रुपए सैलरी मिलने का दिया था झांसा

# एमएसएमई चेयरमैन, वाइस चेयरमैन बनाने का झांसा देकर कारोबारियों से 35 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाने में रायपुर के दो कारोबारियों ने दिल्ली के एक जालसाज के खिलाफ एमएसएमई चेयरमैन, वाइस चेयरमैन नियुक्त करने का झांसा देकर 35 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने पैसा लेने के बाद कारोबारियों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किया। जालसाज ने कारोबारियों को एमएसएमई को केंद्रीय उपक्रम होने का झांसा देकर महीना एक लाख सैलेरी, आवास तथा अलग से खाने-पीने का भत्ता देने का झांसा दिया था। कारोबारी जालसाज के झांसे में आकर चेयरमैन तथा वाइस चेयरमैन बनने रुपए देकर ठगी का शिकार हुए।

तेलीबांधा निवासी अनिल तथा रोशन श्रीवाल ने दिल्ली निवासी विजय चौरसिया के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल तथा रोशन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि विजय से उनकी मुलाकात 5 अप्रैल 2023 को जोरा स्थित एक होटल में हुई थी। विजय ने अपना परिचय माइक्रो स्माल मीडियम इंटरप्राइजेस प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन के रूप में दिया था। विजय ने कारोबारियों को केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त उपक्रम बताते हुए उसके द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में चेयरमैन के साथ अलग-अलग पदों पर नियुक्त करने की बात कही। जालसाज ने झांसा दिया था कि उसकी संस्था सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को ऋण देने का काम करती है, इसके चेयरमैन नियुक्त करने जालसाज ने कारोबारियों से पैसे लिए।




### जांच जारी

रायपुर के कारोबारियों ने अभनपुर थाने में शिकायत कर एफआईआर दर्ज करायी है। थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। टीम भेजी जा सकती है।

-डा. लाल उमेद सिंह
एसएसपी, रायपुर

### क्या है एमएसएमई

एमएसएमई का मतलब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम है। यह भारत सरकार द्वारा तय किए गए निवेश और वार्षिक कारोबार के आधार पर वर्गीकृत किए गए व्यवसायों का एक समूह है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये उद्यम उत्पादन, प्रसंस्करण या सेवा क्षेत्र में काम कर सकते हैं।

### कैश व आनलाइन दिए पैसे

चर्चा होने के बाद दिल्ली के व्यक्ति को होटल के बार अनिल और रोशन श्रीवास ने 2-2 लाख रुपए कैश दिए। इसके बाद अप्रैल से दिसंबर 2023 तक छह अलग-अलग किस्तों में कुल 35 लाख रुपए विजय कुमार चौरसिया को ऑनलाइन और कैश माध्यम से दिए गए। जिसके बाद उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

### रकम वापस मांगने पर गाली-गलौज

अनिल तथा रोशन राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) से जुड़े हुए हैं। कारोबारियों ने पुलिस को बताया है कि विजय ने उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र देने के बाद कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए। इसका खर्च कारोबारियों ने वहन किया। लंबे अरसे तक काम करने के बाद वेतन नहीं मिलने पर अनिल तथा रोशन ने विजय से पैसों की मांग की। तब विजय ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद कारोबारियों को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली और वे विजय के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे। वहीं इस मामले में टीआई एसएस सिंह ने बताया कि पीड़ित राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा से जुड़े थे। 1 लाख वेतन की लालच में आकर उन्होंने पैसे दे दिए। फर्जी लेटर भी दिल्ली से जारी किया गया था। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जरुरत पड़ने टीम राजधानी दिल्ली भी जा सकती है।

तमनार वन परिक्षेत्र का मामला

# करंट से हाथी की मौत मामले में पांच और आरोपियों की गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

तमनार वन परिक्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत के प्रकरण में वन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अब तक इस मामले में कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों ने खेत की मेड़ पर जंगली सूअर के शिकार के उद्देश्य से बिजली का करंट प्रवाहित तार बिछाया था। उसी में फंसकर एक हाथी की मौत हो गई थी। आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया तय की जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की गहनता से पड़ताल जारी है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ग्राम नूनदरहा के लक्ष्मीराम पिता भगतराम, रामप्रसाद पिता दया और मोहन पिता पालिस राम तथा ग्राम केराखोल के महावीर पिता मालिकराम एवं घसियाराम पिता लछन यादव शामिल हैं। इससे पहले बसंत राठिया, वीर सिंह मांझी, रामनाथ राठिया, देवनारायण राठिया और जयलाल मांझी को वन विभाग ने गिरफ्तार किया था।

## नया नियम जल्द होगा लागू

# सरकार ने माना-पीजी मेडिकल एडमिशन में डोमिसाइल या रेजिडेंस आधारित आरक्षण असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में नीट क्वालीफाई के बाद पीजी में एडमिशन के लिए लागू डोमिसाइल आधारित आरक्षण पर सरकार ने हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश कर दिया है। इसमें कहा गया है कि एडमिशन के लिए राज्य सरकार पीजी रूल्स 2025 ला रही है जो जल्द लागू होगा। विधि विधायी विभाग ने इसे स्वीकार भी कर लिया है। दरअसल यह याचिका डा. समृद्धि दुबे द्वारा दायर की गई है, जिसमें कहा गया था कि पीजी मेडिकल एडमिशन में डोमिसाइल या रेजिडेंस आधारित आरक्षण असंवैधानिक है। शुक्रवार को महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने डिवीजन बेंच को बताया कि राज्य सरकार ने नियमों को अंतिम रूप दे दिया है। जल्द ही इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी ने पीजी में एडमिशन के लिए पूर्व निर्धारित तिथि को दो दिन आगे बढ़ा दिया है। महाधिवक्ता के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने 10 नवंबर की तिथि तय कर दी है।



### छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के बीच भेदभाव

याचिका में डा समृद्धि दुबे ने राज्य मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन नियम 2021 की वैधता को चुनौती दी। याचिका में कहा है कि नियम 11(क) और आंशिक नियम 11(ख) संस्थान व निवास आधारित आरक्षण प्रदान करते हैं, जो असंवैधानिक है। याचिका में बताया कि नियम 11(क) उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देता है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के कॉलेजों से एमबीबीएस किया है या फिर सर्विसिंग कैंडिडेट (वर्तमान में सेवा में लगे डॉक्टर) हैं। नियम 11(ख) का हिस्सा यह कहता है कि यदि इन श्रेणियों के बाद सीटें खाली रह जाती हैं तो केवल उन्हीं को एडमिशन मिलेगा, जो छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं चाहे उन्होंने एमबीबीएस राज्य के बाहर के कॉलेज से किया हो। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह प्रावधान छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के बीच अनुचित भेदभाव करता है। एक तरफ वे जिन्होंने राज्य के कॉलेज से पढ़ाई की, दूसरी तरफ वे जिन्होंने राज्य के बाहर से एमबीबीएस किया। याचिका के अनुसार नियम 11(क) और 11(ख) मिलकर वास्तव में 100% आरक्षण की स्थिति बना देते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत

दरअसल याचिकाकर्ता डॉ. समृद्धि दुबे छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी हैं। उन्होंने 2018 में नीट यूजी के आधार पर वीएमकेवी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सलेम तमिलनाडु से एमबीबीएस में दाखिला लिया। 2023 में पढ़ाई पूरी करने के बाद इंटर्नशिप और मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने नीट पीजी 2025 की परीक्षा दी और उसमें क्वालिफाई हुईं। याचिका में कहा गया कि पीजी मेडिकल एडमिशन में डोमिसाइल या रेजिडेंस आधारित आरक्षण असंवैधानिक है।यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ में लागू यह प्रावधान डॉ. तन्वी भेल बनाम श्रेया गोयल (2025) मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत है।

# बंद कोच के कैमरे की जांच करने टीम आएगी प्रयागराज से आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मालगाड़ी से टक्कर होने के बाद जिस लोकल ट्रेन के क्षतिग्रस्त ब्रेक यान और इंजन से कैमरा निकाला गया था, वह कैमरा पिछले माह 17 अक्टूबर से बंद पड़ा हुआ है। इसकी जांच करने के लिए सीआरएस के बजाय प्रयागराज से टीम सारनाथ से रवाना हो गई है, जो शनिवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन में पहुंच जाएगी।

मंगलवार 4 नवंबर को गतौरा से बिलासपुर के बीच लालखदान चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे बनी चार रेल लाइन में से अप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से कोरबा-बिलासपुर लोकल टकरा गई थी। इस ट्रेन में लोकल ट्रेन का चालक विद्यासागर और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज थे, जो ट्रेन को चला रहे थे। मालगाड़ी से जबरदस्त टक्कर होने के कारण मौके पर चालक विद्यासागर की मौत हो गई और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल रश्मि राज का उपचार अपोलो हास्पिटल में किया जा रहा है, जिसकी हालत में अब तक कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेल मंत्रालय के आदेश पर दक्षिण पूर्व सर्किल के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा ने दूसरे दिन बुधवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन पहुंचकर अपनी जांच शुरु कर दी थी। इस दौरान पहले दिन के जांच में गतौरा से लालखदान के बीच रेल लाइन और सिग्नल को चेक किया।



### इमरजेंसी ब्रेक में ट्रेन रूकी 240 मीटर के आगे

घटना के बाद शुक्रवार की शाम 6 बजे रायपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन बिलासपुर स्टेशन में पहुंची थी। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने के बाद मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित इंजीनियरिंग और अन्य विभाग के अफसर उसमें सवार होकर सीधे गतौरा पहुंच गए। बिलासपुर से गतौरा स्टेशन के बीच खाली लोकल ट्रेन में जाने के दौरान लाइन पर लगाए गए आटोमेटिक सिग्नल को चेक किया गया। गतौरा से बिलासपुर वापसी में लोकल ट्रेन की स्पीड को 75 किलोमीटर प्रति रफ्तार के बीच रखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर देखा गया, ताकि ब्रेक लगाने के उपरांत ट्रेन 100 मीटर के अंदर रूक सके। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के उपरांत लोकल ट्रेन 200 मीटर, 230-240 मीटर के आगे जाकर खड़ी हुई।

## देशदेखा में रॉक क्लाइंबिंग और लोक नृत्य-संस्कृति का आकर्षण

# जशपुर जम्बुरी में पर्यटकों ने लिया ग्रामीण संस्कृति प्रकृति, रोमांच और आतिथ्य का अनूठा अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जशपुर जिले में आयोजित जशपुर जम्बुरी ने पर्यटन को नया आयाम देते हुए स्थानीय संस्कृति, प्रकृति और रोमांच को एक साथ जोड़ा है। जिला प्रशासन द्वारा 6 से 9 नवम्बर तक आयोजित इस चार दिवसीय आयोजन में देशभर से आए पर्यटकों को यहां की सुन्दर वादियों, लोक संस्कृति और आतिथ्य का सजीव अनुभव प्राप्त हो रहा है।





जिले के ग्राम केरे में पर्यटकों के लिए आठ होम स्टे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहाँ मेहमानों को सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। प्रशासन की इस पहल ने ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा दी है और स्थानीय परिवारों को भी आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है। होम स्टे में ठहरे पर्यटक केवल अतिथि नहीं, बल्कि स्थानीय परिवारों के सदस्य बनकर रह रहे हैं। वे जशपुर की जीवनशैली, खान-पान और परंपराओं को नजदीक से महसूस कर रहे हैं। पर्यटकों ने कहा कि "होम स्टे में रहना होटल से कहीं बेहतर अनुभव है। यहाँ की सादगी, आत्मीयता और घरेलू भोजन ने मन मोह लिया।" होम स्टे की यह अवधारणा स्थानीय जीवन से सीधा जुड़ाव प्रदान करती है। यहां पर्यटक घरेलू वातावरण में रहकर न केवल स्थानीय संस्कृति और भाषा को समझते हैं, बल्कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी लेते हैं।



### होम स्टे आधरित ग्रामीण पर्यटन में किया प्रवेश

भारत के कई राज्यों हिमाचल, उत्तराखंड, केरल, सिक्किम और असम की तरह अब छत्तीसगढ़ भी होम स्टे आधारित ग्रामीण पर्यटन के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। जशपुर की पहाड़ियां और हरियाली इस अवधारणा को और अधिक आकर्षक बनाती हैं। जशपुर जम्बुरी में रोमांच प्रेमियों के लिए भी विशेष आकर्षण रहा। देशदेखा क्षेत्र में लगभग 120 पर्यटकों ने रॉक क्लाइंबिंग का रोमांचक अनुभव लिया, जो पूरी सुरक्षा और विशेषज्ञों की निगरानी में संपन्न हुआ। पर्यटक हरी-भरी वादियों के बीच एडवेंचर और सुकून दोनों का आनंद ले रहे हैं।

रायपुर
शनिवार 8 नवंबर 2025
अगहन कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 24, अंक : 110
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.6
न्यून. 19.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

*राज्य सरकार ने बनाया नया नियम, लागू भी हो गया*

# सड़क किनारे कारोबार करने वाले सभी छोटे-बड़े कारोबारियों को लेना होगा लाइसेंस, जितनी चौड़ी सड़क, उतना ही लगेगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्रों में अब दुकानदारों को लाइसेंस हासिल करने के लिए सामने वाली सड़क की चौड़ाई के हिसाब से लाइसेंस शुल्क देना होगा यानी जितनी चौड़ी सड़क, उतना ज्यादा पैसा। यही नहीं फीस की यह दर, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए अलग-अलग होगी। इसके साथ ही अब गुमटी, कच्ची दुकानों, और वाहनों जैसे मिनी ट्रक,पिकअप वैन, जीप, आटो रिक्शा, और तिपहिया वाहनों पर सामान ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

### अब नगरीय क्षेत्र में हर कारोबार के लिए लाइसेंस अनिवार्य

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने यह नई व्यवस्था लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका( व्यापार अनुज्ञापन नियम 2025 बनाया है। राज्य में यह नियम लागू भी हो गया है। जानकार उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अब से पहले दुकानदारों के लिए दो प्रकार के लाइसेंस होते थे, एक गुमास्ता, और दूसरा व्यापार अनुज्ञप्ति यानी ट्रेड लाइसेंस। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सड़क की चौड़ाई तक करेगी फीस

निकाय क्षेत्र में व्यापार अनुज्ञप्ति जारी करने के सड़क की चौड़ाई के आधार पर न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क लिया जाएगा। यह इस प्रकार होगा। सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर से कम होने पर नगर निगम क्षेत्र में 4 रुपए प्रति वर्गफुट, प्रतिवर्ष लिया जाएगा। पालिका परिषद के लिए यह दर 3 रुपए, नगर पंचायत के लिए 2 रुपए होगी। इसी तरह 7.5 मीटर से 15 मीटर चौड़ी सड़क के लिए यह दर निगम में 5, पालिका में 4 और नगर पंचायत क्षेत्र में 3 रुपए होगी। 15 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क होने पर निगम में 6, पालिका में 4 और नगर पंचायत में 4 रुपए की दर से फीस ली जाएगी।

### बड़े बाजार के लिए अधिक मोहल्ला कालोनी के लिए कम

नए नियम के मुताबिक ट्रेड फीस का निर्धारण इस बात पर भी निर्भर होगा कि दुकान किस जगह पर मौजूद है। निगम क्षेत्र क बड़े बाजार में है तो वहां 6 रुपए प्रति वर्गफुट प्रति वर्ष के हिसाब से राशि लगेगी। पालिका के लिए 3 और नगर पंचायत क्षेत्र में है को 2 रुपए की दर से फीस लगेगी। छोटे और मध्यम आकार के बाजारों के लिए निगम क्षेत्र में 5 रुपए, पालिका में 4, और नगर पंचायत क्षेत्र में 3 रुपए की दर लागू होगी। मोहल्ला और कालोनी की दुकानों के लिए यह दर निगम क्षेत्र में 4 रुपए, पालिका में 3 और नगर पंचायत में 2 रुपए की दर से लागू होगी।

### गुमटी, वैन में कारोबार के लिए भी लगेगा लाइसेंस


राज्य में अब तक गुमटी, वैन वगैरह में दुकान चलाने पर कोई लाइसेंस या फीस नहीं लगती थी, लेकिन अब यह नहीं चलेगा। गुमटी या कच्ची दुकान में व्यापार करने वालों को निगम क्षेत्र में 250 रुपए शुल्क प्रति वर्ग फुट, प्रति वर्ष फीस लगेगी। पालिका के लिए 150 रुपए, और नगर पंचायत के लिए 100 रुपए लगेंगे। अब वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले भी इस दायरे में आएंगे। मिनी ट्रक, पिकअप, वैन, जीप आदि पर कारोबार चलाने के लिए निगम क्षेत्र में सालाना 400 रुपए, पालिका में 300 और नगर पंचायत में 200 रुपए देने होंगे। आटो रिक्शा, तिपहिया वाहन पर कारोबार के लिए निगम क्षेत्र में 250 रुपए, पालिका में 200 रुपए, और नगर पंचायत में 150 रुपए, व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क प्रति वाहन प्रतिवर्ष लिए जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कैटरीना-विक्की कौशल बने माता-पिता

**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल ने शुक्रवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों एक बेटे के माता पिता बने हैं। दंपति ने अपने अपने संबंधित 'इंस्टाग्राम' अकाउंट पर लिखा है, ''हमें खुशियों की सौगात मिली है। अपार कृतज्ञता के साथ हम अपने नन्हें मेहमान का स्वागत करते हैं।



### बंगाल में बस नहर में गिरी, 2 मृत, कई घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के राजारहाट इलाके में एक यात्री बस रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया यह दुर्घटना तब हुई जब कथित तौर पर एक अन्य बस से आगे निकलने की कोशिश के दौरान बस चालक ने नियंत्रण खो दिया।

### दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती फरार घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती को वर्ष 2021 में रायबरेली में पुलिस के साथ अभद्रता के आरोप में दर्ज एक मुकदमे में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर यहां की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने फरार घोषित कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में शहर के सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पुलिस के साथ अभद्रता करने के मामले में सोमनाथ भारती के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था।



### पुंछ में सुरक्षा कारणों से पटाखों पर प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सीमावर्ती जिले में शादियों के दौरान पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पुंछ के जिलाधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि शादियों के दौरान खासकर रात में पटाखे फोड़ने से सुरक्षा बलों में भ्रम पैदा हो सकता है।

### हवाला कारोबारियों के दिल्ली, गोवा ठिकानों में छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दुबई में ''अघोषित'' संपत्ति रखने वाले भारतीयों के खिलाफ एक जांच के तहत दिल्ली और गोवा में हवाला कारोबारियों के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने भारतीयों की अघोषित संपत्ति का डेटा तैयार किया है और तलाशी का उद्देश्य इन आरोपों को साबित करने के लिए और सबूत इकट्ठा करना है।



### राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने पर सिक्का व डाक टिकट जारी

# मोदी बोले- वंदे मातरम् के टुकड़े कर बोए गए देश विभाजन के बीज, जो आज भी हैं चुनौती

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 1937 में इस गीत की कुछ अहम पंक्तियां हटाना सिर्फ एक बदलाव नहीं था, बल्कि उसी समय देश के बंटवारे के बीज बो दिए गए थे। पीएम मोदी के मुताबिक, उस दौर में वंदे मातरम् की जिन पंक्तियों में मां दुर्गा और शक्ति का वर्णन था, उन्हें अलग कर दिया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी ने कहा कि यह निर्णय सिर्फ सांस्कृतिक बदलाव नहीं था, बल्कि विचारों को बांटने वाली सोच का नतीजा था। उन्होंने कहा कि यही सोच आज भी देश के सामने चुनौती बनी हुई है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम् को समर्पित एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के साथ एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ, जो बंकिम चंद्र चटर्जी की इस कालजयी रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर, 2026 तक चलेगा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित करने वाला यह गीत आज भी राष्ट्रीय गौरव और एकता का संचार करता है। इस समारोह में सुबह लगभग 9.50 बजे देश भर के सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम् के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन हुआ, जिसमें नागरिकों ने ▶▶|शेष पेज 7 पर




### वंदे मातरम् सिर्फ गीत नहीं, आजादी की आवाज

पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम् ने आजादी की लड़ाई में करोड़ों भारतीयों को हिम्मत दी। यह गीत उस समय सिर्फ गाया नहीं जाता था, यह संघर्ष की सांस थी, देशभक्ति की धड़कन थी। उन्होंने कहा, 'जब वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी विदेश में रहते थे और एक-दूसरे से मिलते थे, तो उनका अभिवादन वंदे मातरम् होता था। कई क्रांतिकारी फांसी पर चढ़ते समय भी यही बोल रहे थे।' पीएम ने इसे 'अमर गीत' बताया।

### प्राणों की आहुति देने वालों को भी किया याद

प्रधानमंत्री ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, "मैं उन सभी को नमन करता हूँ जिन्होंने हमारी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मैं अपने सभी देशवासियों को भी बधाई देता हूँ। हर देशभक्ति गीत की अपनी भावना और संदेश होता है, लेकिन वंदे मातरम् की केंद्रीय अभिव्यक्ति 'भारत' और 'माँ भारती' है।

### भाजपा- संघ के दफ्तर में कभी वंदे मातरम् नहीं हुआ : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय गीत से जुड़ाव के बारे में बताया। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये संगठन कभी अपने दफ्तर में वंदे मातरम नहीं गाते, बल्कि अपने संगठन का महिमामंडन करने वाले गीत गाते हैं।

# साय बोले-वंदे मातरम् का मूल भाव मां भारती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ किया 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन
- मुख्यमंत्री 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित स्मरणोत्सव में वर्चुअली हुए शामिल

'वंदे मातरम्' राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया। इस अवसर पर सभी ने 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ आजादी की राष्ट्रीय चेतना का पुण्य स्मरण किया और अमर बलिदानियों को नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित स्मरणोत्सव में वर्चुअली शामिल हुए और प्रधानमंत्री का उद्बोधन भी सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा, 'वंदे मातरम्' मां भारती की साधना और आराधना की प्रेरक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गान का एक प्रवाह, एक लय और एक तारतम्य हृदय को स्पंदित कर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'वंदे मातरम्' ▶▶|शेष पेज 7 पर

### छायाचित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रालय महानदी भवन में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए वंदे मातरम् के सृजन से लेकर इसके राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बनने तक की ऐतिहासिक यात्रा का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, यह भारत के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के दौर की अनेक अनकही कहानियों को उजागर करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी नई पीढ़ी को देश की आजादी के मूल भाव और 'वंदे मातरम्' की प्रेरक भूमिका से परिचित कराती है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नए सिरे से विभागीय जांच के निर्देश

# कामधेनु में भवन निर्माण घोटाला, बिल में डेढ़ करोड़ की अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- ईई और एसई स्तर पर हुई जांच में खुलासे के बाद अब फिर से विभागीय जांच

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में भवन निर्माण में करोड़ रुपए के घोटाले का मामला सामने आया है। मामले में करीब 3 साल से इस घोटाले की जांच चल रही है। इसमें कार्यपालन अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा पहले ही जांच की जा चुकी है, जिसमें 1.54 करोड़ रुपए के घोटाला होने की बात कही गई है। अब कुलपति द्वारा नए सिरे से विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के 7 महीने बाद भी जांच अधूरी है। मामले को लेकर लोक आयुक्त और लोग आयोग के सचिव से शिकायत की गई है।

यूनिवर्सिटी द्वारा बिलासपुर वेटनरी कॉलेज के अस्तित्व में आने के बाद बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। इन कामों के लिए वर्ष 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली गई थी। इसमें बॉयस हॉस्टल और ऑडिटोरियम ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर

### ईई और एसई की रिपोर्ट, गड़बड़ी कामों की बिलिंग में की गई

इस पूरे मामले में फिलहाल दो स्तर पर पिछले 3 साल में जांच हुई। सबसे पहली रिपोर्ट तत्कालीन ईई रविशंकर कोष्टा ने तैयार की। उन्होंने एमबी बुक के अवलोकन के बाद अलग-अलग कैटेगरी में 1.54 करोड़ रुपए की गड़बड़ी की। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 1.54 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान दोनों कार्य एजेंसियों को किया गया। इसमें उन्होंने बताया कि बिल की डुप्लीकेसी की गई। क्वांटिटी को बढ़ाकर बताया गया। यानी एसओआर तो तय रहा, लेकिन जितना काम हुआ नहीं, उससे ज्यादा की बिलिंग की गई। टीवीसीसी और ऑडिटोरियम बिल्डिंग के निर्माण के दौरान सबसे ज्यादा फर्जी बिलिंग की गई। एमबी बुक में 33 जगहों पर डुप्लीकेसी के जरिए 1.54 करोड़ ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इस बारे में मैं अधिक जानकारी नहीं दे सकता

मैं इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकता। किसने क्या जानकारी दी है, मुझे नहीं पता। बेहतर होगा आप इस बारे में रजिस्ट्रार से बात करें। वो ही इस मामले को देख रहे हैं।

-आरआरबी सिंह, कुलपति कामधेनु विश्वविद्याय अंजोरा

# उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे 1,800 करोड़ के जमीन घोटाले में घिरे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- महाराष्ट्र में मचा सियासी बवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार 1,800 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले में घिर गए हैं। आरोप है कि पार्थ की एक कंपनी ने 1,800 करोड़ रुपये की संपत्ति के बदले 300 करोड़ रुपये के भूमि सौदे को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। ये घोटाला स्टांप ड्यूटी की चोरी और हेराफेरी से जुड़ा हुआ है। यह मामला सामने आने के बाद महाराष्ट्र में सियासी हलचल मच गई है। विपक्ष ने डिप्टी सीएम पवार का ▶▶|शेष पेज 7 पर



### क्या है मामला?

ये पूरा मामला पार्थ की कंपनी अमेडिया होल्डिंग्स एलएलपी से जुड़ा हुआ है। इस कंपनी ने पुणे के पॉश कोरेगांव पार्क इलाके में लगभग 40 एकड़ सरकारी जमीन खरीदी है। इस जमीन की बाजार कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपये बताई जा रही है, लेकिन आरोप है कि पार्थ ने यह जमीन केवल 300 करोड़ रुपये में खरीद ली।

### पूरा लेन-देन केवल 27 दिन में हुआ पूरा

विपक्ष का कहना है कि पार्थ की कंपनी ने दावा किया था कि वह इस जमीन पर डेटा सेंटर बनाएगी, लेकिन कंपनी की पूंजी मात्र 1 लाख रुपये थी। इस खरीद को लेकर केवल 500 रुपये का स्टांप ड्यूटी शुल्क भरा गया, जबकि 300 करोड़ रुपये के बदले करोड़ों का स्टांप ड्यूटी शुल्क देना जरूरी था।

### एसआईटी का बड़ा एक्शन

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में पूर्व तिरुवभरणम आयुक्त गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

सबरीमाला मंदिर से सोने की चोरी की जांच कर रही एसआईटी ने गुरुवार को पूर्व तिरुवभरणम (पवित्र आभूषण) आयुक्त केएस बैजू को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि बैजू जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, जुलाई 2019 में थिरुवाभरणम आयुक्त के पद पर थे, जब द्वारपालक (रक्षक देवता) मूर्तियों के सोने के आवरण को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए हटाकर ले जाया गया था।



### साजिश का हिस्सा है बैजू की छुट्टी

पुलिस का कहना है कि एसआईटी को शक है कि उन महत्वपूर्ण दिनों में बैजू की अनुपस्थिति साजिश का हिस्सा थी। एसआईटी का कहना है कि प्रक्रिया की निगरानी करने में बैजू की विफलता के कारण कथित तौर पर प्रक्रियागत खामियां हुईं, जिसके परिणामस्वरूप सोना गायब हो गया। एसआईटी पूरे मामले में बैजू की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### एटीसी सिस्टम में तकनीकी खराबी, रायपुर, भोपाल, चंडीगढ़, अहमदाबाद में भी डिले

# दिल्ली एयरपोर्ट में तकनीकी खराबी, 300 उड़ानें लेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण हवाई अड्डे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस तकनीकी खराबी के कारण कम से कम 300 उड़ानें प्रभावित हुई जिनमें इंटरनेशनल उड़ानें भी शामिल हैं।

देश के कई एयरपोर्ट जिनमें चंडीगढ़, भोपाल, रायपुर, लखनऊ, अहमदाबाद, मुंबई सहित अन्य शहरों में भी दिल्ली से वहां आने-जाने वाली फ्लाइट भी लेट हुईं। हालात कब तक सामान्य होंगे, अभी इस बारे में दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कोई जानकारी नहीं दी है। प्राधिकरण ने कहा इंजीनियर और एटीसी अधिकारी समस्या का समाधान करने में लगे हैं।



### 150 से ज्यादा डिपार्चर फ्लाइट डिले

दिल्ली एयरपोर्ट पर एटीसी के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई है। इसके कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा 150 से ज्यादा डिपार्चर फ्लाइट डिले हुई। इनमें से हर फ्लाइट लगभग 50-55 मिनट की देरी से उड़ी। वहीं, नॉर्थ इंडिया के अन्य हवाई अड्डों पर भी इसका असर देखने को मिला।

### विदेशी फ्लाइट्स पर भी असर

दिल्ली एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी के कारण सिर्फ घरेलू नहीं, बल्कि इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। लंदन, रोम, दुबई और बैंकॉक जाने वाली कई फ्लाइट्स 1-2 घंटे लेट हैं। हालांकि अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, यह टाइमिंग ज्यादा हो सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोपहर 1 बजे तक 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो चुकी हैं। इनमें से ज्यादातर फ्लाइट्स 1-2 घंटे तक प्रभावित रहीं।

### रायपुर में प्रभावित रही यह उड़ानें

दिल्ली एयरपोर्ट का एटीसी सिस्टम प्रभावित होने की वजह से एयर इंडिया सुबह 8.25 बजे वाली फ्लाइट सवा 2 घंटे विलंब से आई। इंडिगो की 8.45 वाली फ्लाइट सवा 4 घंटे, दोपहर 12.15 बजे की फ्लाइट सवा 3 घंटे, दोपहर 1.45 बजे की फ्लाइट सवा 3 घंटे, शाम 5.25 की फ्लाइट 4 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसके अलावा रात्रि 9.20 बजे आने वाली फ्लाइट का संचालन स्थगित कर दिया गया। विलंब से आने की वजह से रायपुर से भी इसका संचालन देर से हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की चुनावी सभा में महागठबंधन पर साधा निशाना

# 'राजद वाले सत्ता में आने को हैं बेचैन, इन्हें सेवा नहीं करना, जनता को कट्टा दिखाकर लूटना है'

## 11 नवंबर को राज्य में होना है दूसरे चरण का मतदान, 14 को नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि 'जंगलराज' वाले सत्ता में आने के लिए बेचैन हैं। इन लोगों को जनता की सेवा नहीं करनी, इन्हें जनता को कट्टा दिखाकर लूटना है। बिहार के औरंगाबाद, भभुआ में जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब ये चुनाव शुरू हुआ था, तब राजद और कांग्रेस के लोग फूलकर गुब्बारा हुए जा रहे थे। राजद और कांग्रेस के नामदार आसमान पर पहुंच चुके थे, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान उनके गुब्बारे की हवा निकलनी शुरू हो गई और पहले चरण के मतदान के बाद यह गुब्बारा पूरी तरह फूट गया है। उन्होंने कहा, 'बिहार के युवाओं को भ्रमित करने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन उनकी सारी प्लानिंग फेल हो गई। इसका बहुत बड़ा कारण बिहार का जागरूक नौजवान है। वह देख रहा है कि कांग्रेस और राजद के असली इरादे क्या हैं।'



### 'मारब सिक्सर के 6 गोली छाती में'

पीएम मोदी ने कहा, 'राजद का गाना चल रहा है, 'मारब सिक्सर के, 6 गोली छाती में।' यही इनका तौर-तरीका और प्लान है। जब राजद के लोगों से कोई भी सवाल पूछेंगे तो यही जवाब मिलेगा, 'मारब सिक्सर के, 6 गोली छाती में। यही जंगलराज की आहट है।' पीएम मोदी ने कहा, 'ये बहनों-बेटियों, गरीब, दलित, पिछड़े और अति पिछड़े समाज को डराने का प्रयास है।

### जंगलराज ने किया सब तबाह

डालमिया नगर का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों के परिश्रम के बाद एक फलता-फूलता औद्योगिक नगर बनता जा रहा था, लेकिन फिर से कुशासन वालों की राजनीति और जंगलराज आ गया। फिरौती, रंगदारी, करप्शन, हत्याएं और अपहरण, फिर यह सब होने लगा। देखते ही देखते जंगलराज ने सब कुछ तबाह कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज ने बिहार में विकास की हर संभावना की हत्या करने का काम किया था।

**राजद वालों को पता नहीं 1 लाख करोड़ कितना होता है**

राजद वालों को ये भी नहीं पता की 1 लाख करोड़ रुपए कितने होते हैं। हमने ये पैसे फौजियों के खाते में डाले। कांग्रेस-राजद वाले 500 करोड़ का झूठ बोल रहे हैं। जब हम कहते हैं कि बिहार में 1 करोड़ नए रोजगार देंगे तो देश के नौजवानों को हमारी बात पर भरोसा होता है। बीते दिनों में बिहार लाखों भर्तियां हुई हैं। आपके सामने राजद-कांग्रेस का भी ट्रैक रिकॉर्ड है। ये बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लिखवा लेते हैं। कोर्ट ने भी माना। आज ये जमानत पर हैं। जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं।

# 'मोदी-शाह कई सालों से वोट चोरी कर रहे अब हमारे पास आंकड़ों के साथ सारे सबूत'

## भागलपुर की रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी ▸▸| भागलपुर

बिहार के भागलपुर में राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह कई साल से 'वोट चोरी' कर रहे हैं। पहले हमारे पास 'वोट चोरी' के सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास आंकड़ों के साथ सारे सबूत हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं- हरियाणा में चोरी की सरकार है। राहुल ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा के साथ-साथ लोकसभा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव चोरी किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अब भाजपा बिहार में भी यही कोशिश कर रही है। लाखों कांग्रेस और राजद कार्यकर्ताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। लेकिन बिहार के युवा इस बार वोट चोरी नहीं होने देंगे।



### किसानों का कभी कर्ज माफ किया?

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार के किसानों, मजदूरों, बुनकरों, मखाना किसानों को बैंक से लोन नहीं मिलता है और न ही उनका कर्ज माफ होता है। मगर अदाणी-अंबानी को लाखों-करोड़ों का लोन मिल जाता है और आसानी से उनका कर्ज माफ भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि मैं यहां जनता से पूछना चाहता हूं। क्या भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूरों, बुनकरों, मखाना किसानों का कभी कर्ज माफ किया?अमित शाह पर निशाना साधते हुए ने कहा कि अमित शाह के बेटे को क्रिकेट बैट पकड़ना नहीं आता, लेकिन वो क्रिकेट बोर्ड का चीफ है। क्रिकेट कंट्रोल करता है।



### आधे बिहार में हो गया लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ : शाह

भागलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का सुपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। शाह ने भागलपुर जिले के पीरपैंती में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 6 नवंबर के मतदान में बिहार के आधे हिस्से में मतदान हुआ, इसमें लालू की पार्टी का सफाया हो गया है। अब आधे हिस्से में मतदान होना है, वहां भी ऐसा ही होगा। शाह ने आरोप लगाया कि जंगलराज भेस बदलकर फिर से बिहार में लाने का प्रयास किया जा रहा है।



### 'पहले फेज में 100 सीटें जीत रहे फिर बनेगी एनडीएकी सरकार'

लोजपा नेता चिराग पासवान ने कहा कि, रुझानों से स्पष्ट है कि 14 तारीख के बाद एक बार फिर से बिहार में एनडीएकी सरकार बनने जा रही है। हम लोग पिछले 20 दिनों से प्रचार कर रहे हैं। जिस तरह से प्रथम चरण का मतदान संपन्न हुआ है, इससे हमारा विश्वास और बढ़ गया है कि इस बार एक ऐतिहासिक जीत की ओर हम लोग बढ़ रहे हैं। बिखरा हुआ महागठबंधन, झूठे वादों को लेकर जिस तरह से जनता के बीच गया और कहा कि हर परिवार को सरकारी रोजगार दे देंगे, बिहार की जनता ज्यादा समझदार है। इधर, लोजपा (आर) अध्यक्ष चिराग पासवान ने दावा किया, 'हमलोग 121 में 100 सीट आराम से जीत रहे है।



### 'अब लालटेन का समय नहीं, अब जल रहा एलईडी'

मोतिहारी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रक्सौल और लौरिया में जनसभा को संबोधित किया। लौरिया में सीएम योगी ने कहा कि, 'बिहार के जंगलराज को आपलोगों ने देखा हैं। जंगलराज में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और अपराध होता था, जिसे आपलोगों ने हराया है। अब लालटेन का समय नहीं, नीतीश और पीएम मोदी के नेतृत्व में एलईडी जल रहा है। आज बिहार में क्या नहीं है। बिहार में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, मेडिकल कॉलेज है। यह सिर्फ शुरुआत है। 20 साल जंगलराज के खाई को भरने में लगा है। अब समृद्धि बिहार की आधारशिला रखने वाला होगा। इसलिए बिहार में एनडीए की सरकार जरूरी है।'

### बिहार में 20 वर्षों बाद दिख रही है बदलाव की लहर



पीरपैंती। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार बदलाव चाहता है और नई सोच तथा नई ऊर्जा के साथ राज्य को नंबर वन बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि जनता अब ठहराव नहीं, तरक्की चाहती है, और यह बदलाव महागठबंधन ही ला सकता है। तेजस्वी यादव शुक्रवार को पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र के सीमानपुर गांव में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजद प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। इस दौरान भारी भीड़ उमड़ी। यादव ने कहा कि बिहार में 20 वर्षों बाद बदलाव की लहर दिख रही है। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के मतदान में जनता ने महागठबंधन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है और अब दूसरे चरण में इसे और मजबूत करना है।

### खेसारी का चुनावी रंग रोड शो में उमड़ी भीड़

नरकटियागंज। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के रोड शो में शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे शहर की सड़कें घंटों तक जाम रहीं। भीड़ का आलम ऐसा था कि एक एंबुलेंस भी लगभग आधे घंटे तक जाम में फंसी रही। महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी दीपक यादव के समर्थन में आयोजित इस रोड शो ने पूरे नरकटियागंज को चुनावी रंग में रंग दिया। रोड शो बगही देवराज से शुरू होकर व्यासपुर चौक, धूम नगर और हरदिया चौक होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा।



## एसआईआर पर होगी 11 को सुप्रीम सुनवाई


नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पूरे देश में कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ याचिकाओं पर 11 नवंबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई।



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार की नई अर्जी पर 11 नवंबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल के जरिए दायर की गई है, जिसमें राज्य ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस मामले में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वकील प्रशांत भूषण और नेहा राठी ने कहा कि यह मुद्दा देश के लोकतंत्र की जड़ से जुड़ा है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग आधार कार्ड को मान्यता नहीं दे रहा, जिससे चुनाव क्रिया पर सवाल उठ रहे हैं।

## दिवंगत पायलट के पिता से बोला सुप्रीम कोर्ट

# 'पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, अपने ऊपर बोझ न लें'






एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश जुड़े मामले पर सुनवाई की। इस अदालत ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के पायलट-इन-कमांड, दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल के पिता से कहा, 'देश में कोई भी यह नहीं मानता कि यह पायलट की गलती थी।'

जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने यह टिप्पणी 91 साल के पुष्कर सभरवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। पुष्कर ने इस क्रैश की एक स्वतंत्र और तकनीकी रूप से सही जांच की मांग की है, जिसकी निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज करें। हमदर्दी जताते हुए, बेंच ने याचिकाकर्ता पुष्कर सभरवाल को भरोसा दिलाया कि इस हादसे के लिए उनके बेटे को दोषी नहीं ठहराया जा रहा है। जस्टिस बागची ने आगे कहा, 'अभी तक पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। जांच रिपोर्ट में सिर्फ दोनों पायलटों के बीच हुई बातचीत रिकॉर्ड की गई है, इसमें किसी पर दोष नहीं डाला गया है।'

**केंद्र और डीजीसीए से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर केंद्र सरकार, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) और दूसरे अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा, 'त्रासदी की वजह कुछ भी हो, पायलट इसका कारण नहीं है।' इस मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

## धोखाधड़ी वाले विज्ञापन से मेटा ने कमाए 1.41 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मेटा एक बार फिर विवादों में फंस गई है और इस बार कंपनी धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दिखाकर मोटी कमाई करने को लेकर सुर्खियों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में मेटा प्लेटफॉर्म्स के रेवेन्यू का 10.1 प्रतिशत धोखाधड़ी और प्रतिबंधित वस्तुओं का विज्ञापन दिखाने से आया। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की कुछ गलत नीतियों और कमियों के कारण उसके फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप जैसे ऐप्स पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन चल रहे थे। बताया जा रहा है कि रेवेन्यू में गिरावट से बचने के लिए, कंपनी ने 'सबसे ज्यादा घोटालेबाज' माने जाने वाले अकाउंट्स को हटाने में भी हिचकिचाहट दिखाई, क्योंकि ऐसा करने से उसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डेवलपमेंट के लिए फंडिंग की कमी हो सकती थी। मेटा से मिले इंटरनल डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए, रॉयटर्स ने बताया कि सोशल मीडिया दिग्गज फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर कम से कम तीन सालों तक धोखाधड़ी वाले ई-कॉमर्स प्रोडक्ट्स, इन्वेस्टमेंट स्कीम्स, अवैध ऑनलाइन कैसीनो और बैन मेडिकल प्रोडक्ट्स की बिक्री से संबंधित विज्ञापनों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने में विफल रहा।

- मार्क जकरबर्ग की कंपनी फंसी फिर विवादों में

### धोखाधड़ी केस में ईओडब्लू का दावा

# वेंडर्स को भुगतान नहीं, दिखाए फर्जी खर्च शिल्पा-राज के खिलाफ मिले नए सबूत

एजेंसी ▸▸| मुंबई



फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से जुड़े 60 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड केस में नए खुलासे हुए हैं। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) को जांच में नए सबूत मिले हैं, जिनके मुताबिक शिल्पा और उनके पति की कंपनी ने वेंडर्स को भुगतान नहीं किया और फर्जी खर्च दिखाए। ईओडब्लू का दावा है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ फंड डायवर्जन के ठोस सबूत मिले हैं। ईओडब्ल्यू अब थर्ड पार्टी फोरेंसिक ऑडिट कराने की तैयारी में है, जिससे पैसे का इस्तेमाल कहां किया गया? इसकी सटीक जानकारी हासिल की जा सके।

**यह है मामला**

*शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 2015 में एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के मुताबिक अब तक की जांच और दर्ज किए गए बयानों से फंड डायवर्जन के संकेत मिल रहे हैं। कारोबारी दीपक कोठारी की एनबीएफसी से लिए गए लोन की रकम बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए अन्य संबद्ध कंपनियों में ट्रांसफर की गई। इन फंड डायवर्जन को विदेश यात्राएं, प्रसारण शुल्क, वेयरहाउसिंग और ऑफिस खर्च के रूप में दिखाया गया।*

**कंपनी कर्मचारियों से होगी पूछताछ**

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का दावा है कि जांच में यह भी सामने आया है कि बेस्ट डील टीवी से जुड़े कई वेंडर्स को भुगतान नहीं किया गया, जिनमें एक कूरियर कंपनी के साथ ही मीडिया सॉल्यूशन फर्म भी शामिल है। वहीं, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की कंपनी ने दावा किया था कि सभी देनदारियां पूरी कर दी गई हैं। ईओडब्ल्यू अब इन कंपनियों के कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की तैयारी में है।

## राजधानी दिल्ली से शुरू हुई पं. धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा

# सनातन हिंदू एकता यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 'सनातन हिंदू एकता यात्रा' निकाल रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता यात्रा की शुरुआत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छतरपुर से हो गई है, जो वृंदावन पहुंचकर संपन्न होगी। बागेश्वर धाम सरकार की अगुवाई में निकल रही इस यात्रा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के अनुयायियों के साथ ही देशभर से साधु संत दिल्ली पहुंचे हैं। दरअसल, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता यात्रा दिल्ली के छतरपुर मंदिर परिसर से शुरू हुई। यात्रा की शुरुआत के मौके पर विशाल कार्यक्रम हुआ, जिसमें धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के देशभर से आए श्रद्धालुओं के साथ ही संत-महंत और आम नागरिक शामिल हुए।

**खास बातें**

- बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर बोले- सनातन भारत की आत्मा
- इस धार्मिक यात्रा का होगा वृंदावन में समापन





**डेढ़ सौ किमी की पदयात्रा**

*धीरेंद्र शास्त्री ने आज डेढ़ सौ करोड़ भारत वासियों की एकता के लिए डेढ़ सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर रहा हूं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन की एकता के लिए यह उनकी दूसरी पदयात्रा है। इस मौके पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि हिंदू राष्ट्र का अर्थ सांस्कृतिक रूप से सजग राष्ट्र बनाना है। इसमें सभी धर्मों और मतों को मानने वालों का राष्ट्र धर्म एक हो, सोच एक हो। दिल्ली से वृंदावन तक की यात्रा में जगह-जगह धार्मिक सभाएं होंगी और भजन के कार्यक्रम भी होंगे।*

### साधु-संतों ने दिया रक्षा का संदेश

इस कार्यक्रम के मंच से देश के प्रतिष्ठित साधु-संतों ने मंच से सनातन धर्म की एकता और रक्षा का संदेश दिया। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म सिर्फ आस्था नहीं है। यह भारत की आत्मा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अपने धर्म, अपनी संस्कृति और अपने राष्ट्र की रक्षा करनी होगी। बागेश्वर धाम सरकार ने कहा कि हमारी यात्रा राजनीतिक नहीं, आध्यात्मिक है। राजनीतिक यात्रा होती, तो हम वृंदावन से दिल्ली आते. लेकिन आध्यात्मिक यात्रा है। तभी दिल्ली से वृंदावन जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सात नवंबर ऐतिहासिक दिन है। सन 1966 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गो वध के खिलाफ संसद मार्ग पर आंदोलन कर रहे साधु संतों पर गोलियां चलवाई थीं।

### दिल्ली एयरपोर्ट की घटना

# चकमा देकर आईजीआई एयरपोर्ट से भाग गया ब्रिटिश नागरिक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सुरक्षा में गंभीर चूक का मामला सामने आया है। जहां पिछले हफ्ते बैंकॉक से आया एक ब्रिटिश नागरिक कथित तौर पर इमिग्रेशन एरिया से भाग गया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 28 अक्टूबर को हुई, जब ब्रिटिश नागरिक फिट्ज पैट्रिक नामक यात्री बैंकॉक से एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 333 से दिल्ली पहुंचा। पैट्रिक को थाईलैंड के रास्ते यूनाइटेड किंगडम प्रत्यर्पित किया जाना था लेकिन दिल्ली पहुंचने के बाद वह अधिकारियों से बच निकला।

**यह है संदेह**

अधिकारियों को संदेह है कि यात्री अनाधिकृत आवाजाही को रोकने के लिए की गई जांच को दरकिनार करते हुए आगमन क्षेत्र के असुरक्षित हिस्से से भाग गया होगा। इस घटना ने भारत के सबसे व्यस्ततम अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में से एक आईजीआई एयरपोर्ट की सेफ़्टी और इमिग्रेशन कंट्रोल की दक्षता पर चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि दिल्ली पुलिस, आव्रजन ब्यूरो और सीआईएसएफ की टीमें संयुक्त रूप से इसकी जांच कर रही हैं।



# पृथ्वीराज एसएसएमबी 29 में कुम्भा के किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** एसएस राजामौली की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अब अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक सामने आया है। साथ ही मेकर्स ने उनके किरदार के नाम की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स ने शुक्रवार को पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक रिवील किया है। फिल्म की अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन एक व्हील चेयर जैसी एक कुर्सी पर बैठे हैं, जो एक रोबोट मालूम पड़ती है। क्योंकि इसके पीछे से रोबोट की तरह हाथ निकले हुए हैं। पृथ्वीराज इस कुर्सी पर काले रंग का सूट पहने हुए बैठे हैं। वो कैमरे की ओर काफी गुस्से से देख रहे हैं। उनको देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे वो पैरालाइज्ड हैं। इसके साथ ही उनके किरदार का नाम भी सामने आया है। उनके किरदार का नाम 'कुम्भा'है। इसको शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा है, 'उठिए और कुम्भा' से मिलिए।

लाइफ Style

# जान्हवी


## पेद्दी का पहला गाना चिकिरी-चिकिरी रिलीज

संगीतकार एआर रहमान और गायक मोहित चौहान द्वारा तैयार किया गया गाना 'चिकिरी-चिकिरी'रिलीज हो गया है। यह सॉन्ग राम चरण और जान्हवी कपूरी की आगामी फिल्म पेद्दी का है। इसमें अभिनेता के अनोखे डांस और जान्हवी कपूर के ठुमके दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'चिकिरी चिकिरी' गाने के वीडियो में साउथ अभिनेता राम चरण को शानदार हुक स्टेप करते हुए देखा जा सकता है। एक्टर के लंबे बाल, दाढ़ी और अलबेले डांस स्टेप्स दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस गाने में जान्हवी कपूर की बात की जाए तो वो बिल्कुल बेफिक्र अंदाज में दिख रही हैं। उनके डांस मूव्स नेटिजंस को आकर्षित कर रहे हैं। 'चिकिरी चिकिरी' गाने में एआर रहमान ने संगीत दिया है। वहीं इसे आवाज दी है मोहित चौहान ने। गायक के सुरीली आवाज ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, जिससे ये एक बेहतरीन म्यूजिकल ट्रैक बन गया है। यह फिल्म 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

'पेद्दी' में राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार और जगपति बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुचि बाबू सना द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस फिल्म का निर्माण सुकुमार राइटिंग्स, मैत्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज द्वारा हो रहा है। वहीं इसे वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले संयुक्त रूप से तैयार किया जा रहा है। फिल्म में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान संगीत तैयार कर रहे हैं, रत्नवेलु छायांकन, कोल्ला अविनाश कला निर्देशन और नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# एआई की वजह से एग्जाम में हो गई फेल

**लॉस एंजिल्स।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का क्रेज समय-समय के साथ-साथ बढ़ता जा रहा है। ऑफिस के काम करने से लेकर पढ़ाई करने तक, कई कामों में यह काफी उपयोगी है। हालांकि, रियलिटी स्टार किम कार्दशियन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे चैटजीपीटी ने उन्हें लॉ की पढ़ाई के दौरान टेस्ट में फेल करवाया। किम ने बताया है कि वह लीगल सलाह के लिए ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी का इस्तेमाल करती हैं। वह अक्सर कानूनी सवालों की तस्वीरें खींचकर चैटजीपीटी पर अपलोड करती हैं। हालांकि, इसके बाद भी चैटजीपीटी उनका भरोसेमंद स्टडी पार्टनर साबित नहीं हुआ।



# 'किंग ऑफ पॉप' की बायोपिक माइकल का टीजर रिलीज


**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन का कॅरियर भले ही विवादों से घिरा रहा हो, लेकिन इतना तो जरूर है कि दुनिया में उन जैसा ना कोई था, ना कोई है और ना ही कभी कोई होगा। 29 अगस्त 1958 में पैदा हुए माइकल की 25 जून 2009 को 50 साल की उम्र में मौत हो गई। अब निधन के 16 साल बाद माइकल जैक्सन पर बायोपिक आ रही है, नाम है 'माइकल', जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन इस फिल्म में अपने चाचा 'किंग ऑफ पॉप' का किरदार निभा रहे हैं। माइकल जैक्सन की यह बायोपिक अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है। 29 साल के जाफर जैक्सन खुद भी एक सिंगर, डांसर और एक्टर हैं। वह माइकल जैक्सन के भाई जर्मेन जैक्सन के बेटे हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक रिकॉर्डिंग बूथ से होती है, जहां हमें युवा माइकल दिखते हैं। एक आवाज उनसे कहती है, 'मुझे पता है कि आप इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।' 'माइकल' फिल्म में माइल्स टेलर, वकील जॉन ब्रैंका की भूमिका निभा रहे हैं।



# चार साल बाद रूसी फिल्म से करेंगी वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा अब बॉलीवुड नहीं, बल्कि एक रूसी फिल्म से कमबैक कर रही हैं। शुक्रवार को पूजा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' की खास झलक शेयर की है। पूजा ने अपनी नई रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' के सेट से कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनने की खुशी जताई और कहा कि कला और फिल्मों की कोई सीमा नहीं होती। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा कि इस प्रोजेक्ट में काम करके उन्हें बहुत मजा आया। पूजा ने फिल्म निर्माता जो राजन के साथ मिलकर एक अंग्रेजी लघु फिल्म 'इकोज ऑफ अस' भी बनाई है। यह फिल्म प्रेम, दुख और मानवीय रिश्तों की कहानी है, जिसमें कथित तौर पर सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर हैं। यह यूलिया की पहली फिल्म है।

# 42 साल की उम्र में दिया बेटे को जन्म



**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल अब माता-पिता बन गए हैं। कटरीना ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है, जो बेटा है। खुद कपल ने अपने चाहने वालों के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है। विक्की कौशल और 42 वर्षीय कटरीना ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक ग्रीटिंग कार्ड सा है, जिस पर एक बच्चा बना हुआ है और बड़ा सा बेबी बॉय लिखा हुआ है। इस पर लिखा है, 'हमारी झोली खुशियों से भर गई है। बड़े प्यार और दुलार से हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं।'इसके साथ ही विक्की कौशल ने कैप्शन में सिर्फ ब्लेस्ड लिखकर रेड हार्ट इमोजी और ओम बनाया है। कटरीना कैफ ने 23 सितंबर 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। उस वक्त विक्की-कैट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करके यह जानकारी दी थी कि कपल जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

## टीवी मसाला




# 12.50 लाख के सवाल पर अटकी कंटेस्टेंट 2 लाइफ लाइन भी नहीं आईं काम

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 6 नवंबर के एपिसोड में महाराष्ट्र की कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। वे स्टेट लेवल का ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीत चुकी हैं। उन्होंने नेशनल लेवल पर अपने राज्य को रीप्रेजेंट भी किया है। अमिताभ बच्चन भी उनकी प्रतिभा से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने शुरुआती 10 सवालों के जवाब देने के लिए सिर्फ एक लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर किसी लाइफ लाइन का इस्तेमाल नहीं किया था। सवाल है- 'प्रथम खो को विश्व कप 2025 के फाइनल में, भारतीय पुरुष और महिला, दोनों टीमों ने किस टीम को हराकर अपना-अपना खिताब जीता?' विकल्प हैं- ए. नेपाल बी. केन्या सी. ऑस्ट्रेलिया डी. ईरान। उन्होंने विकल्प ए. नेपाल को चुना, जो सही है।कंटेस्टेंट से अमिताभ ने 12.50 लाख रुपए का सवाल किया, जो स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। सवाल है- 'किस स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के लिए एक बम का परीक्षण करते समय हुई थी?' विकल्प हैं- ए. भगवती चरण वोहरा बी. सचिंद्र नाथ सान्याल सी. राजेंद्र लाहिरी, डी. सचिंद्र बक्षी। कंटेस्टेंट ने जवाब देने के लिए अपनी दोनों लाइफ लाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा। हालांकि, उन्होंने विकल्प सी. राजेंद्र लाहिरी पर ताला लगाने के कहा, जो गलत साबित हुआ। इसका सही जवाब विकल्प ए. भगवती चरण वोहरा है। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं।

## इस वीकेंड बनेगा एक्शन, थ्रिल और ड्रामा से खास

नई दिल्ली। वीकेंड नजदीक आते ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई कंटेंट की बौछार हो गई है। राजनीतिक ड्रामा से सुपरहीरो एक्शन, रोमांस से फैमिली ड्रामा तक... इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जीयोहॉटस्टार, सोनी लिव




और जी5 जैसी सर्विसेज पर वैरायटी से भरपूर रिलीज आ रही हैं। मार्वल के 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' से लेकर ह्यूमा कुरैशी की 'महारानी सीजन 4' तक, ये कलेक्शन बिंज-वॉचिंग मूड को परफेक्टली सूट करेंगे। हुमा कुरैशी 'रानी भारती' के रोल में लौट गई हैं। सोनी लिव 'महारानी सीजन 4' आ गया है। 90s की घटनाओं पर बेस्ड यह पॉलिटिकल थ्रिलर में रानी प्रधानमंत्री को चैलेंज करती है, बिहार की सत्ता हासिल करने के लिए स्ट्रैटेजी अपनाती है। द फैंटास्टिक फोर- फर्स्ट स्टेप्सः बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली मार्वल की यह फिल्म अब डिजिटल पर आ गई। पेड्रो पास्कल और वैनसा किर्बी स्टारर में चार हीरोज, रीड रिचड्र्स, सू स्टॉर्म, जॉनी स्टॉर्म और बेन ग्रिम गैलेक्टस नामक बुरे एलियन से धरती बचाते हैं। नेटफ्लिक्स 7 नवंबर को जैकब एलोर्डी और ऑस्कर आइजैक स्टारर फिल्म 'फ्रैंकनस्टीन' लॉन्च हो गया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

काम, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## चिंतन

# अब देश की रक्षा में तैनात फाइटर जेट भी होंगे स्वदेशी

पूरी दुनिया ने देखा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पाकिस्तान पर कई गुणा भारी पड़ा। पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया। लाहौर और रावलपिंडी तक भारतीय हमलों की गूंज सुनाई दे रही थी। हमारी ड्रोन तकनीक पाकिस्तान की चीन से ली गई वायु प्रतिरक्षा प्रणाली पर कहीं ज्यादा भारी पड़ी। हमारे ड्रोन मौत बनकर सीधे दुश्मन की फौजी छावनियों के ऊपर मंडरा रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को तुर्किये और चीनी ड्रोन बेड़े के जरिये निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। उसने सैकड़ों ड्रोन एक साथ भेजे, परंतु स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली आकाशतीर ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली का कमाल ही कहा जाएगा कि कोई पाकिस्तानी ड्रोन चंडीगढ़ अथवा दिल्ली तक नहीं पहुंच सका और उन्हें सीमा के निकट ही ध्वस्त कर दिए गए। जब 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़े हमले की मंशा से ड्रोन के साथ उन्नत फतह श्रेणी की मिसाइलें दागी गईं तो हमने उन्हें भी नाकाम कर दिया और इसके कुछ ही मिनट में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन सभी वायु सैनिक अड्डों को निशाना बनाया, जहां पर उन्नत श्रेणी के अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेफ-17 विमान थे। भारत ने उस एयरबेस को भी तबाह कर दिया, जहां तुर्किये के ड्रोन का बड़ा बेड़ा था और जिसके जरिये पाकिस्तान बड़े ड्रोन हमले कर रहा था। यदि पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से मिले अति उन्नत लड़ाकू विमानों, चीनी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली और तुर्किये से मिले ड्रोन के बावजूद मुंह की खानी पड़ी तो यह हमारी अद्भुत सैन्य सामर्थ्य ही था और इसमें सबसे बड़ा योगदान था हमारी स्वदेशी तकनीक का। भारत की विजय मात्र पाकिस्तान पर ही नहीं, अपितु अमेरिकी, चीनी और तुर्किये की हथियार तकनीक पर भी है। इस युद्ध के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने शानदार काम किया। पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने होने दिया। इसी कामयाबी से आगे बढ़ते हुए अब भारत स्वदेशी जेट के निर्माण की ओर कदम बढ़ा रहा है। अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। कि जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। इसके बाद तेजी से इस पर काम शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण में सबसे खास बात यह है कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। भले ही हाल-फिलहाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भले ही रूस से एस-400 खरीदा जाए या किसी अन्य देश से कुछ और, लेकिन इरादा साफ होना चाहिए कि है कि भविष्य में जो भी रक्षा उपकरण चाहिए उसका निर्माण देश में ही होगा। तभी देश आत्मनिर्भर होगा।

## आधी आबादी

डॉ. मोनिका शर्मा



# बिहार चुनाव : अपने मत मायने समझती स्त्रियां

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में आधी आबादी ने जमकर मतदान किया। कई क्षेत्रों में तो महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। पहले चरण की 121 सीटों पर हुई बंपर वोटिंग में महिला वोटरों का उत्साह राजनीति के समीकरण बनाने और बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, मतदान केन्द्रों पर लगी स्त्रियों की लंबी कतारें एक नागरिक के तौर पर अपने मत के मायने समझने का भी द्योतक बनीं हैं। व्यापक रूप से देखा जाय तो महिलाओं की यह भागीदारी कई मायने में शिक्षा, सजगता और सामाजिक भूमिका में आ रहे सकारात्मक बदलावों का भी परिणाम है। दरअसल, जीवन की बेहतरी से जुड़ी सरकारी योजनाएं हों या सुरक्षित परिवेश बनाने की कवायद। सरकारी नीतियों और सामाजिक माहौल से महिलाओं का जीवन सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि बिहार में 2010 के बाद आधी आबादी ने हर बार बढ़-चढ़कर मतदान किया है। तब से महिलाएं इस राज्य में भी चुनाव की धुरी बनी हुई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में हुए रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में भी स्त्रियों की भागीदारी अहम दिखी है। ध्यातव्य है कि 2020 के पहले चरण की तुलना में यह आंकड़ा कुल मतदान का करीब 8 प्रतिशत ज्यादा है। मतदान में स्त्रियों की बढ़ती हिस्सेदारी के चलते ही इस बार भी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने महिला मतदाताओं पर केन्द्रित योजनाओं पर विशेष ध्यान भी दिया है। चाहे एनडीए हो या फिर महागठबंधन, सभी दल आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और सरकार बनाने के लिए उनका साथ पाने के लिए प्रयासरत दिखे। यूं भी बीते कुछ दिनों में प्रदेश में चुनावों में विकास, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे छाये रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसे सभी मुद्दे महिलाओं के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर डालते हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती योजनाओं और नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा रहा है। असल में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ के परिणाम के अलावा आधी आबादी के इस उत्साह और रुझान को उनके दायित्वबोध से जोड़कर देखना भी जरूरी है। भारत की स्त्रियां भी ना केवल जमीनी मुद्दों को समझती हैं बल्कि उनसे जुड़े सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को सबसे ज्यादा झेलती भी हैं ।

देशभर से आए दिन सामने आती घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा और जीने की सहजता का आधी आबादी को आज भी इंतजार है। यही वजह है कि सुरक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में अहम चुनावी मुद्दा रही है। नतीजतन, महिला मतदाताओं के लिए सुरक्षित परिवेश की जरूरत जाति या सामुदायिक भेद से परे वोट करने की बुनियाद बन गई है। मतदाता समूह के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करते हुए आधी आबादी की बहुत की सोच बहुत स्पष्ट रहती है। निःसन्देह, लाभकारी योजनाएं उन्हें भी प्रभावित करती हैं पर असुरक्षित माहौल में किसी भी तरह की सहायता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। समझना आवश्यक है कि 2016 में बिहार की महिलाओं ने शराबबंदी और सुरक्षित परिवेश को अपना समर्थन देकर इसी बात को पुख्ता किया था। असल में देखा जाए तो स्त्रियों के स्वतंत्र रूप से अपना मत देने के आंकड़े ही शराब बंदी के बाद बढ़े हैं। तब महिलाओं ने अपने जीवन से हर पक्ष को प्रभावित करने वाले शराबबंदी के निर्णय के लिए नितीश कुमार का खुलकर समर्थन किया था। भारत के चुनावी इतिहास में स्त्रियों का यह रुझान बहुत व्यावहारिक और परिपक्व सोच की बानगी माना जाता है। महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में कमी आई। विशेषकर घरेलू हिंसा दुष्कर्म, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और भावनात्मक हिंसा जैसे अपराधों में रेखांकित करने योग्य कमी आई। महिलाओं की बड़ी आबादी का जीवन इस निर्णय से प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के मुताबिक 83 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी से पहले पर उन्हें अक्सर पति की शारीरिक या भावनात्मक हिंसा झेलनी पड़ती थी। सामाजिक बेहतरी, पारिवारिक स्थिरता और स्वास्थ्य लाभ से जुड़ा यह निर्णय आज भी महिला वोटरों के मन के जुड़ा है। ऐसे में महिला मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट देने के लिए घर से निकलना इस बार भी निर्णायक साबित हो सकता है।

( लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




## विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# सोशल मीडिया की दुश्वारियां भी सामने है

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीते दिनों 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा को खंडित करने के बाद राज्य में इसकी व्यापक प्रतिक्रिया देखी गई। राज्य स्थापना दिवस के ऐन पहले प्रतिमा को तोड़ने तथा आक्रोशित छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा अग्रवाल और सिंधी समाज पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर भारी सरगर्मी देखी गई। विवाद थमा ही नहीं था कि रायगढ़ के एक युवक द्वारा सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा पर विवादित टिप्पणी ने इस आग में घी डाल दिया।अलबत्ता छत्तीसगढ़ जैसे शांतिप्रिय राज्य में स्थानीयता या क्षेत्रवाद को लेकर सोशल मीडिया में छिड़ी बहस ने इस माध्यम के सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों के संबंध में एक विमर्श को जन्म दे दिया है। इस बीच सोशल मीडिया का सार्थक उपयोग भी सामने आया जब यूजर्स द्वारा रेलवे प्रशासन से राज्य स्थापना दिवस यानि 1 नवंबर को रेलवे स्टेशनों में छत्तीसगढ़ के 'राज्य गीत' के प्रसारण की मांग की गई। यह सुकूनदायक रहा कि रेल प्रशासन ने इस दिशा में सजगता दिखाई और स्थापना दिवस पर सभी रेलवे स्टेशनों में राज्यगीत प्रसारित किए गए। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर में सोशल मीडिया लोगों के दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है। युवाओं से लेकर महिलाओं और बुजुर्गों की एक बड़ी आबादी किसी न किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में घंटों समय बिता रहा है। सोशल मीडिया ने जहां पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ा है वहीं इसका दखल देश और दुनिया की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव में भी परिलक्षित हो रहा है। सोशल मीडिया वह मंच है जो लोगों के विचारों और सूचनाओं को बड़ी तेजी से हजारों - लाखों लोगों तक पहुंचा रहा है फलस्वरूप इसे आम आदमी का संसद भी नाम दिया गया है। राजनीति और चुनाव में सोशल मीडिया की ताकत को सबसे पहले पश्चिमी देशों ने आजमाया। देश में पहली बार साल 2014 के लोकसभा चुनाव में देश के युवाओं ने इस सोशल मीडिया के जरिए बने 'ब्रांड मोदी' पर भरपूर ऐतबार किया। भाजपा के इस प्रयोग के बाद अमूमन सभी राजनीतिक दलों ने पार्टी में आईटी सेल बनाया जिसका उपयोग अपने राजनीतिक अभियान और चुनाव के दौरान किया जा रहा है। 2024 के आम चुनाव से राजनीतिक पार्टियां अपने आईटी सेल के साथ ही इन्फ्लुएंसर्स के जरिए सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का जतन कर रहे हैं। अब सभी सियासी दल सोशल मीडिया के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' और डीपफेक ( कृत्रिम वीडियो) के जरिए जोर अजमाइश कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक देश में एक अरब से ज्यादा मतदाता हैं जिसमें से तकरीबन 80 करोड़ मतदाता विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, एक्स (ट्विटर), व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब से जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया के इसी ताकत के चलते राजनीतिक दलों, धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा अपने विचारधारा और एजेंडे को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए इस माध्यम का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।

विडंबना है कि अब सोशल मीडिया की दुश्वारियां भी सामने आने लगी है फलस्वरूप दुनिया भर की सरकारें इसके दुरूपयोग पर चिंतित हैं। विभिन्न राजनीतिक ,धार्मिक और जातिवादी संगठनों द्वारा इस मीडिया का उपयोग सियासी ,धार्मिक तथा जातिगत नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है जिससे देश और समाज में नफरत और अशांति बढ़ रही है। भारत में पिछले वर्षों में घटित राजनीतिक, सांप्रदायिक और जातिवादी हिंसा में प्रमुख भूमिका सोशल मीडिया की रही है फलस्वरूप सरकार और प्रशासन को दंगाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद करना पड़ा था। अलबत्ता सोशल मीडिया का दुरूपयोग केवल समाज में नफरत और अशांति फैलाने के लिए ही नहीं हो रहा है बल्कि विभिन्न आतंकवादी तथा अलगाववादी संगठनों द्वारा इस माध्यम का इस्तेमाल युवाओं के 'ब्रेनवाश' के लिए किया जा रहा है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के इसी नकारात्मक उपयोग के चलते वर्ल्ड वाइड वेब 'डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.' के अविष्कारक टिम बर्नर्स ने कोफ्त और निराशा में कहा था कि 'इंटरनेट अब नफरत फैलाने वालों का अड्डा बनते जा रहा है '। दूसरी ओर सोशल मीडिया से जुड़े एक शीर्षस्थ अधिकारी कि मानें तो यह मीडिया किसी सुचारू ढंग से चल रहे लोकतांत्रिक ढांचे को बहुत हद तक नुकसान पहुंचा सकता है।वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिवेश पर गौर करें तो उक्त दोनों बातें सही साबित हो रहीं हैं। हालांकि सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष को किनारे रख दें तो इसका सकारात्मक पक्ष भी है जो देश और समाज के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में भूमिका निभा रहा है। देश में अनेक गैर राजनीतिक आंदोलनों को सफलता सोशल मीडिया के जरिए ही मिली है वहीं आम आदमी से जुड़े मुद्दों का भी समाधान इसी माध्यम के जरिए संभव हुआ है। लिहाजा इस माध्यम के उपयोग पर सावधानी और जवाबदेही दोनों आवश्यक है।




अलबत्ता सोशल मीडिया केवल राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं कर रहा बल्कि यह किशोरों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहा है। नयी पीढ़ी के मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत देश और समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन रही है। डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म 'सेंसर टावर' के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय ' जेन- जी' ने पिछले वर्ष मोबाइल पर 1.12 ट्रिलियन घंटे बिताए जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 18 वर्ष के आयु के चालीस करोड़ लोगों में से हर तीसरा किशोर या युवा मोबाइल के लत का शिकार है। आलम यह है कि मोबाइल की लत छोटे बच्चों में भी लग रही है लेकिन इसके लिए मुख्य रूप से अभिभावक ही जिम्मेदार हैं।सोशल मीडिया पर ऑनलाइन गेमिंग और अश्लील साइट्स की लत किशोरों व युवाओं को अपराध, नशाखोरी और यौन हिंसा की ओर धकेल रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत के चलते बच्चों से लेकर बुजुर्गों में विभिन्न शारीरिक बीमारियां जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, नेत्ररोग से लेकर अनिद्रा,अवसाद, चिंता, चिड़चिड़ापन, गुस्सा और अकेलापन जैसे मानसिक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया इन दिनों सायबर अपराध का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है। 'डिजिटल अरेस्ट' और 'सेक्सटॉर्शन' गिरोह के धमकी और झांसे में लोग करोड़ों रुपए लुटा चुके हैं। सेक्सटॉर्शन के चलते अनेक लोगों के द्वारा खुदकुशी की खबरें सामने आई हैं।गृह मंत्रालय और सीबीआई की रिपोर्टों के अनुसार देश में ' डिजिटल अरेस्ट स्कैम ' के जरिए साइबर अपराधियों ने लगभग 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी किया है। इस धोखाधड़ी का शिकार महिलाएं और बुजुर्ग भी हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने देश में बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट की मामले को गंभीरता से लिया है तथा इससे निबटने के लिए सख्त आदेश की जरूरत बताते हुए सरकार से जवाब मांगा है।

बहरहाल भले ही इंटरनेट ने लोगों के जीवन को आसान कर दिया है लेकिन डिजिटल निरक्षरता वाले देश में सोशल मीडिया के चलते देश और समाज में अशांति भी बढ़ रही है लिहाजा इस पर अंकुश की भी जरूरत है। सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर केंद्र सरकार सहित आदालतों ने भी अनेकों बार चिंता जताई है। सरकार और अदालतों द्वारा इस तकनीक के बेजा इस्तेमाल को रोकने की कोशिशें भी हुई लेकिन एक तबका इन कोशिशों को /"बोलने की आजादी/" पर खतरा बताकर विरोध पर उतारू हो जाती है। इस अधिकार के पैरोकारों को समझना होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने कुछ भी बोलना या लिखना नहीं है बल्कि इस अधिकार पर भी कुछ बंदिशें हैं। देश में साइबर अपराध पर लागू कानून अभी भी जरूरत के लिहाज से प्रभावी नहीं बन पाए हैं फलस्वरूप अपराधी कानून के चंगुल से बच जाते हैं। इस दिशा में वर्तमान चुनौतियों के मुताबिक कानून बनाने की जवाबदेही केंद्र सरकार की है क्योंकि यह अधिकार संसद को ही है। इसी प्रकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर्स को भी इस माध्यम में अपने विचार या विडियो साझा करते समय देश और समाज के लिए अपनी जिम्मेदारी के प्रति स्व-अनुशासित होना होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भी जवाबदेही है कि वे ऑनलाइन सामाग्रियों की फैक्ट चेकिंग के लिए प्रभावी तकनीक लागू करें ताकि देश में शांति और सद्भाव के साथ आम आदमी का भरोसा इस माध्यम पर कायम रहे।

( ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है




संकलित

## दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# लुटनिक ने ट्रंप की शुल्क शक्तियों का किया बचाव

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ''बात मनवाने'' के लिए शुल्क का इस्तेमाल एक कूटनीतिक हथियार के रूप में किया और भारत से आग्रह किया कि वह रूस से ''तेल खरीदना बंद करे'' ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में मदद मिल सके। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने ऐसे वक्त में ट्रंप की शुल्क शक्तियों के इस्तेमाल का बचाव किया जब उच्चतम न्यायालय में इसकी वैधता पर सुनवाई जारी है। लुटनिक ने कहा, 'राष्ट्रपति इन शुल्कों का उपयोग न्याय खरीदने के लिए कर रहे हैं। वह रूस और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं, जहां उन्होंने भारत से कहा है कि 'तेल खरीदना बंद करो'।' न्यायालय इस बात की जांच कर रहा है कि क्या 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनमिक पावर्स एक्ट' (आईईपीए) के तहत ट्रंप के लिए आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके कई देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर व्यापक प्रत्यावर्ती शुल्क लागू करना कानूनी था। लुटनिक ने विश्वास जताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति यह मुकदमा जीतेंगे क्योंकि ये शक्तियां अमेरिका की रक्षा करती हैं।



## ऑफ बीट


# पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग

दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग-अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग-अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवतः मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।



## ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन



मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।
- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### आरजेडी बेचैन



बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शेल्टर होम तैयार



दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अब गारंटी है



'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन-तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, छीनी जवान की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

एनएच-30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। केशकाल थाना क्षेत्र के गुलबापारा के पास गुरुवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान शंकरलाल नाग की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। ग्राम जवान का उनके गृह ग्राम फरसगांव में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक शंकरलाल नाग उरांदाबेड़ा थाने में आरक्षक के रूप में पदस्थ थे। वे अपने बड़े भाई के साथ कोहकामेटा में आयोजित शोक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर सामने से आ रही लकड़ी से भरी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शंकरलाल नाग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद भाई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

## ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से हुआ फरार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत केशकाल पुलिस को दी। पुलिस दल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर लकड़ी के गोले लेकर जा रहा था। प्राथमिक जांच में पता चला है कि ट्रक की रफ्तार अत्यधिक थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिससे यह हादसा हुआ।

# शासकीय विभागों पर 1.56 अरब का बिजली बिल लंबित, विभाग कर रहा अनदेखी

**विद्युत कंपनी ने डिस्कनेक्शन अभियान के लिए डीसी व जोन में गठित की टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब 30 करोड़ 75 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख एवं निजी उपभोक्ताओं पर 73 करोड़ 87 लाख रूपए का बिल लंबित है। इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया, जिसमें से विद्युत वितरण केन्द्रों में दो टीमें और जोन में 3 टीमें गठित किया जा रहा है, जो सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालयों में पहुंचेंगी। बकाया का भुगतान नहीं करने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काटी जाएगी, टीम में कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता नेतृत्व करेंगे।



**अरबों का बिल है बकाया :** सातों जिलों के शासकीय विभाग में जल संसाधन पर 16 लाख 72 हजार 123, राजस्व विभाग पर 3 करोड़ 66 लाख 49 हजार 589, पुलिस विभाग पर 35 करोड़ 57 लाख 91 हजार 027, वन विभाग पर एक करोड़ 54 लाख 45 हजार 813, परिवहन विभाग पर 31 हजार 245, जेल विभाग पर 6 लाख 62 हजार 725, कृषि विभाग पर 24 लाख 84 हजार 966, मत्स्य पालन पर 3 लाख 51 हजार 819, न्यायालय विभाग पर 5 लाख 56 हजार 393, लोक निर्माण विभाग पर एक करोड़ 99 हजार 057, शिक्षा विभाग पर 5 करोड़ 87 लाख 79 हजार 571, स्वास्थ्य विभाग पर 3 करोड़ 32 लाख 5 हजार 778, आदिम जाति कल्याण विभाग पर 9 करोड़ 99 लाख 65 हजार 092, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर एक करोड़ 16 लाख 80 हजार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर 5 करोड़ 25 लाख 98 हजार 343, हाऊसिंग बोर्ड पर 51 लाख 89 हजार 747, स्थानीय निकाय जिसमें नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, ग्रामीण पंचायत पर सड़क बत्ती, जल प्रदाय पर 82 करोड़ 36 लाख 80 हजार 494 सहित अन्य विभाग के अनुसार लगभग एक अरब 59 करोड़ 4 लाख 14 हजार 750 रूपए का बिजली बिल बकाया है। बिजली बिल के भुगतान में विभाग अनदेखा कर रहा है।

## ऑनलाइन कटेगी लाइन

अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि विद्युत कंपनी ने निजी उपभोक्ताओं एवं शासकीय विभाग के कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया गया। ऐसे बकायादार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन सीधे रायपुर से बिना लाइनमेन पहुंचे ही ऑनलाईन में बटन दबाकर लाईन काट जाएगी। स्मार्ट मीटर एक्टीवेट होने के बाद उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह मीटर को रिचार्ज कर बिजली का उपयोग कर सकेंगे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत 30 वर्षीय पुरन उईके ने गमछा का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बोरसी निवासी ललिता बाई उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक हमेशा शराब के नशे में रहता था। शराब पीने के लिए मना करने पर लड़ाई झगड़ा करता था। पुरन उईके 6 नवंबर को शराब के नशे में घर आया। खाना देने की बात को लेकर विवाद हुआ और कुछ देर बाद वह सोने के लिए चला गया। सुबह देखी तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अज्ञात कारणों के चलते मृतक ने आत्महत्या कर लिया।

## ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 55 वर्षीय गोविंदराम कोरेटी ने 5 नवंर को अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। डोंगरकट्टा निवासी आशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने नारियल की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है।

# नकली पुलिस बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान

पुलिस बनकर लोगों से ठगी करने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर थाना प्रभारी का वर्दी पहनकर कई क्षेत्रों में धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुखउराम नेताम 55 साल ग्राम छिंदारी के बेटे धनेश्वर नेताम को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर गुप्तेश्वर तिवारी उर्फ जीपी पाण्डे 28 साल चंगुर्दा द्वारा अलग-अलग समय पर कुल 106000 रुपए की ठगी किया था। शिकायत आवेदन प्राप्त होने पर थाना छुईखदान में अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पुलिस की तत्परता से आरोपी गुप्तेश्वर तिवारी उर्फ जीपी पांडे 28 साल चंगुर्दा की खोजबीन पता तलाश करने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया।

---

**BUREAU OF INDIAN STANDARDS**
Department of Consumer Affairs
Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Government of India
Manak Bhavan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110 002

// शुद्धिपत्र //

23 अगस्त 2025 के रोजगार समाचार में प्रकाशित प्रतिनियुक्ति आधार पर अनुभाग अधिकारी के पद हेतु आवेदन की **अंतिम तिथि रविवार, 30 नवंबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।**

**अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।**

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रारूप के लिए, कृपया बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in देखें।

(शोएब अख्तर)
निदेशक (स्थापना)
भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली

CBC 08103/12/0013/2526

---

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**AMENDMENT NOTICE**

Amendment are made in N.I.T. No. 313 to 317, 320 to 324, 325 to 330, and 336 to 338 dated 06.10.2025:-

| Existing Description | To be read |
|---|---|
| Last date of tender download 07.11.2025 | Last date of tender download - 11.11.2025 |

Other conditions will remain same.

Superintending Engineer
PWD, Bilaspur Circle
Bilaspur (C.G.)

G-252604578/4

---

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-01/O&M/TS-08/2025/1037 Raipur, Dtd. 06.11.2025

**E-TENDER NOTICE NO. TS-08/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ works as mentioned below: -

| SN | Tender No. / Rfx No. | Particulars | Last date & time of bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | TS-08/2025 Rfx- 8100047337 | Deployment of 04 nos. Computer Operator through outsourcing for O/o ED (O&M:Gen), CSPGCL, Raipur for period of 02-years. | 26.11.2025 Up to 16:00 Hrs. |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

--sd--
Superintending Engineer(O&M)
O/o E.D.(O&M:Gen.): RAIPUR

SAVE ELECTRICITY

---

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in
Fax No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 24.11.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 175 | 178791 | दुधावा- मुरूमसिल्ली मार्ग के कि.मी. 1/2, 4/4 अ, 4/4ब, 10/4, 19/2, 23/2, 28/6 एवं 28/8= 06 नग में जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य। | 24.01 लाख |
| 02 | 176 | 178792 | चारामा- किशनपुरी मार्ग के कि.मी. 1/2, 6/10, 7/6,15/10, 17/10, 18/10, 27/2, 31/4, एवं 31/10=09 नग में जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य। | 26.44 लाख |
| 03 | 177 | 178794 | रतेसरा-भानपुरी मार्ग के कि.मी. 2/4, 15/10, एवं 19/2= 04 नग में जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य। | 13.42 लाख |
| 04 | 178 | 178795 | कांकेर संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत एवं जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य। | 13.07 लाख |
| 05 | 179 | 178796 | लो.नि.वि. उप संभाग क्र.01 कोण्डागांव अंतर्गत विभिन्न मार्गो के बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गो का रिपेयर कार्य। | 73.11 लाख |
| 06 | 180 | 178797 | लो.नि.वि. उपसंभाग केशकाल अंतर्गत विभिन्न मार्गो के बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गो का रिपेयर कार्य। | 40.00 लाख |
| 07 | 181 | 178798 | लो.नि.वि. उप संभाग क्र.02 कोण्डागांव अंतर्गत विभिन्न मार्गो के बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गो का रिपेयर कार्य। | 22.50 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है।(स.क्र. 01 से 04 के लिए)**
**डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 24.11.2025**
**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G- 252604573/3

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **25/JMT/2025-26**, PR No. **364235** Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar, Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. (3rd Call) में अपरिहार्य कारणो से निम्न संशोधन किया जाता है। विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | विववरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 12-11-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | 12-12-2025 को 5.00 बजे अपराह्न |
| 2 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 12-11-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | 12-12-2025 को 5.00 बजे अपराह्न |
| 3 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 14-11-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | 15-12-2025 को 3.00 बजे अपराह्न |

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 365511 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

---

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

प्रथम निविदा ई- प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

No-5594 Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in Date - 06/11/2025

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 01 | 10492 | जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर का 50 बिस्तरीय अतिरिक्त निर्माण कार्य सहित उन्नयन कार्य। | 1042.43 |
| 02 | 10493 | जिला रायगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोडातराई में नवीन स्टॉफ क्वार्टर भवन का निर्माण कार्य। | 188.47 |
| 03 | 10494 | जिला बिलासपुर के तखतपुर में 50 बिस्तरीय मातृ शिशु अस्पताल भवन का निर्माण कार्य। | 829.78 |
| 04 | 10495 | जिला महासमुंद वि.ख. बसना में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन बसना का निर्माण कार्य। | 1643.42 |
| 05 | 10496 | जिला मुंगेली के जरहागांव में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 233.86 |
| 06 | 10497 | जिला बलौदाबाजार के गिरौदपुरी में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 233.86 |
| 07 | 10498 | जिला कबीरधाम के पिपरिया में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 233.86 |
| 08 | 10499 | जिला कबीरधाम वि.ख. बोडला के तरेगांव जंगल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 233.86 |
| | | निविदा में भाग लेने की प्रकिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 14/11/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 07/12/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी। | |

S-45833/2

Sd/-
अधीक्षण अभियंता

---

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं**
**पदेन उपसचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

-:: प्रारंभिक अधिसूचना::-

क्रमांक /8462/ भू-अर्जन / 2025 बालोद दिनांक 03/11/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है-

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प. ह.न. | ख.न. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर/हे.मे) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| बालोद | डौण्डीलोहारा | दल्ली प.ह.न. 45 | 525 का टु | 169.28/0.016 | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बालोद जिला बालोद | मोहड़ जलाशय परियोजना के निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 525 का टु | 174.99/0.017 | | |
| | | | 525 का टु | 216.83/0.021 | | |
| | | | 423 का टु | 168.55/0.016 | | |
| | | | 525 का टु | 296.05/0.029 | | |
| | | | 529 का टु | 203.97/0.020 | | |
| | | | 529 का टु | 205.56/0.020 | | |
| | | | 525 का टु | 183.04/0.018 | | |
| | | | 529 का टु | 241.75/0.024 | | |
| | | | 525 का टु | 161.54/0.016 | | |
| | | | 424/1 का टु | 46.61/0.004 | | |
| | | | 529 का टु | 166.98/0.016 | | |
| योग- | | | 12 | 2235.15/0.22 | | |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि मे से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा। 3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौण्डीलोहारा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भूमि अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित है। 5. प्रस्तावित परियोजना के भू-अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है, तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है। 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम की धारा-43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) को पुनर्व्यवस्थापन के प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
डौण्डीलोहारा

(दिव्या उमेश मिश्रा) कलेक्टर
जिला - बालोद (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव छ.ग.
शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-252604568/2

---

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in Fax No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 24.11.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 168 | 178784 | भानुप्रतापपुर उपसंभाग के क्षतिग्रस्त विभिन्न मार्गों में ब्लैक स्पॉट सुधार एवं क्रेश बैरियर का कार्य। | 172.98 लाख |
| 02 | 169 | 178785 | भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत अंतागढ़ - बेडमा- कलगांव- कोयलीबेड़ा एवं कोयलीबेड़ा- प्रतापपुर मार्गों में ब्लैक स्पॉट सुधार का कार्य। | 145.58 लाख |
| 03 | 170 | 178786 | अंतागढ़ उपसंभाग के कलगांव-कोयलीबेड़ा, कोयलीबेड़ा- प्रतापपुर एवं अंतागढ़ बेडमा मार्गो में जंक्शन सुधार का कार्य। | 87.96 लाख |
| 04 | 171 | 178787 | भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत भानुप्रतापपुर पखांजूर मार्ग के बांदे से पी. व्ही-109 में के कि.मी. 76/8, 87/10, 71/10, 73/8, 69/8, 64/2 75/2, 77/2, 93/4, 59/10, 62/2, 63/4, 72/6, 73/10, 74/2, 76/6, 86/4, 95/10. पी.व्ही. 79 से तारावेली मार्ग 5/2, 16/4 पी.व्ही. 32 से पी.व्ही. 29 मार्ग के कि.मी. 3/8, 6/8, 8/10, 9/10 मार्गों में जंक्शन सुधार का कार्य। | 103.33 लाख |
| 05 | 172 | 178788 | भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत पंखाजूर अनुविभाग के पी.व्ही. 109 मार्ग के कि.मी. 115/10 में 3 मी. पुलिया का कार्य, पी. व्ही. 34 के 10/6 एवं 6/2 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त भाग में टो वॉल निर्माण कार्य। | 52.54 लाख |
| 06 | 173 | 178789 | कोरर से तरादूल मार्ग लंबाई कि.मी. 17/6 एवं 14/10 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त भाग रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | 21.19 लाख |
| 07 | 174 | 178790 | अंतागढ़ बेडमा मार्ग में कि.मी.32/4 एवं बोदानार - छोटे धौसा मार्ग के कि.मी. 2/6 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त भाग में टो वॉल निर्माण कार्य। | 15.09 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है।(स.क्र. 01 से 04 के लिए)**
**डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 24.11.2025**
**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G- 252604574/4

---

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**
शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर
E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Phone No. - 07782-221055

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/2175/नपानि/लोनिवि/2025 जगदलपुर, दिनांक 06/11/2025

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | NIT No. | System Tender No. | कार्य का विवरण | PAC (Lakhs) | Amount of Earnest Money | Tender Docu. & Processing Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 69 | 178808 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Jagdalpur, Chhattisgarh (IInd Call) | 670.48 | 3,35,000.00 | 10,000.00 |
| 2 | 70 | 178809 | Proposed widening of existing Bituminous road from Muktidham to Samund chowk to Power House Chowk to Panchpath chowk to Lalbagh Aamaguda chowk at Nagar Palik Nigam Jagdalpur. | 931.36 | 4,66,000.00 | 3000.00 |
| 3 | 71 | 178810 | Prposed Rejuention and Development Works of Dalpat Sagar Talab at Nagar Nigam Jagdalpur. | 951.82 | 4,76,000.00 | 3000.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 05.12.2025 को सांय 5.30 बजे तक देखे / क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://uad.cg.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**टीप :-** निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है। टेंडर डाकुमेंट एण्ड प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डी. डी. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो जमा किया जाना अनिवार्य है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

S-45831/1 "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।"

---

**HEMCHAND YADAV VISHWAVIDYALAYA, DURG (C.G.)**
Raipur Naka, Durg - 491001
Email: registrar@durguniversity.ac.in
Website: www.durguniversity.ac.in, Phone 0788-2359100

Advt. No. 07/Estt./HYU/2025 Durg, Date: 07/11/2025

**ADVERTISEMENT FOR THE POST OF PRIVATE SECRETARY TO THE VICE-CHANCELLOR**

Applications are invited from eligible and dynamic candidates for the purely temporary position of Private Secretary to the Vice-Chancellor at Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg. This position provides an opportunity to work in a professionally challenging and rewarding academic environment.

**1. Eligibility Criteria**
* Postgraduate degree from a recognized university.
* Preference will be given to candidates possessing additional qualifications such as Ph.D. or those having an academic administrative background.

**Experience:**
* Minimum two years of experience in a university, academic institution, or administrative organization.

**2. Required Skills**
* Proficiency in MS Office, official drafting, and digital correspondence management.
* Excellent written and verbal communication skills in English and Hindi.

**3. Desirable Attributes**
* Familiarity with university procedures, academic governance and official documentation protocols.
* Strong interpersonal skills and ability to coordinate with diverse internal and external stakeholders.
* Commitment to institutional goals and administrative excellence.

**4. Emoluments**
A consolidated fixed remuneration of ₹50,000/- per month shall be paid for this position.

**5. How to Apply**
Interested candidates should submit their application along with the following documents:
* Detailed Curriculum Vitae (CV).
* Self-attested copies of educational and experience certificates.
* One recent passport-sized photograph.

Applications must reach the office of:
The Registrar, Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Raipur Naka, Durg-491001 (C.G.)
and also be sent via email to vc.durguniversity@gmail.com

The last date for submission of applications is 05/12/2025.

Please mention "Application for the Post of Private Secretary to the Vice-Chancellor" in the subject line of the email/envelope.

Registrar
Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg (C.G.)

S-45828/2

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

# दुबई एयर शो में हवाई कलाबाजियां दिखाएंगे वायुसेना के सूर्यकिरण विमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में जारी दो तरह के संकटों (टैरिफ और सैन्य संघर्षों) के बीच खाड़ी के एक महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे घनी आबादी वाले शहर दुबई में 17 से 21 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय एयर शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत की दो तरफा भागीदारी देखने को मिलेगी। एक ओर भारतीय वायुसेना के कुल 9 सूर्यकिरण विमानों की टीम अपने हवाई करतब से एयर शो में अपना जलवा बिखेरेगी। वहीं, दूसरी ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बार इस अंतरराष्ट्रीय वैमानिकी शो में शिरकत करेंगे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वायुसेना के सूर्यकिरण विमानों की एक टीम एयर शो के शुरुआती दो दिनों 17 से 18 तक इसमें शामिल होगी। जबकि भारत की तरफ से रक्षा मंत्री की भागीदारी भी खासी महत्वपूर्ण रहेगी। हर बार की तरह इस बार भी यह एयर शो दुबई के अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित किया जाए। जिसे दुबई वर्ल्ड सेंट्रल के नाम से भी जाना जाता है।

## 2023 में भारत की ऐसी थी भागीदारी

बीते कुछ सालों से दुबई एयर शो में भारत की एक मजबूत और नियमित उपस्थिति देखने को मिल रही है। यह एक द्विवार्षिक यानी दो साल एक बार होने वाला आयोजन है। 2023 में एयर शो में वायुसेना के दो स्वदेशी हवाई हथियारों और सैन्य उपकरणों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था। जिसमें हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के अलावा सारंग हेलीकॉप्टरों की डिस्प्ले टीम शामिल हुई थी। तेजस ने एयर शो में जमीनी प्रदर्शनी के साथ दुबई के आसमान में उड़ान भरकर अपनी युद्धक क्षमता का भी प्रदर्शन किया था।

**2021 में शामिल हुए तेजस, सारंग** : एयर शो में भारत का प्रवेश वैमानिकी और रक्षा तकनीक के मामले में घरेलू स्तर पर बनाए गए हथियारों के जरिए बढ़ती उसकी उन्नति को दर्शाती है। इसके अलावा ये भारत-संयुक्त अरब अमीरात के द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में भी मददगार है। 2021 में भी दुबई एयर शो के दौरान भारत के दोनों सैन्य हथियारों-उत्पादों के साथ सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम ने भी अपनी हवाई कलाबाजियों के माध्यम से दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया था।



## एयर डिस्प्ले के लिए मशहूर सारंग-सूर्यकिरण


सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम में शामिल 9 रेड और वाइट हॉक मार्क-132 विमान हैं। एचएएल ने इन्हें लाइसेंस के तहत बनाया है। ये भारत की ही नहीं बल्कि एशिया की नौ विमानों की बेहद निकटता से हवाई करतब दिखाने वाली पहली टीम है। जिसमें इनकी हार्ट, डायमंड, लूप और काम्बैट फॉरमेशन चर्चित हैं। वहीं, सारंग की स्थापना 2005 में 151 हेलीकॉप्टर यूनिट के रूप में की गई थी। यह यूनिट 5 संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है और इनका मुख्य तैनात एयरबेस कोयंबटूर के पास स्थित सुलूर एयरबेस है।

## तेजस, ध्रुव की खूबियां

तेजस भारत का पहला स्वदेश में निर्मित लड़ाकू विमान है। जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। वर्तमान में वायुसेना में इसकी दो स्क्वाड्रन (कुल 36 विमान) तैनात हैं। पहली स्क्वाड्रन (नंबर 45 और फ्लाइंग डैगर्स) वर्ष 2016 में तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात की गई थी। जबकि दूसरी नंबर 18 स्क्वाड्रन (फ्लाइंग बुलेट्स) गुजरात के नलिया एयरबेस पर तैनात है। वायुसेना की तेजस विमानों की 18 और स्क्वाड्रन खरीदने की योजना है, प्रक्रिया जारी है। ध्रुव भी एचएएल द्वारा सेनाओं के लिए निर्मित एक स्वदेशी हथियार है। जो लगभग 5.5 टन वजनी डबल इंजन वाला बहु-भूमिका वाला हेलीकॉप्टर है। वर्ष 2002 में इसे सैन्य सेवा में शामिल किया गया था। तीनों सशस्त्र सेनाएं (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) ध्रुव का प्रयोग कर रही हैं।

## भभुआ से औरंगाबाद तक जनता पूछ रही, कहां है नौकरी, कहां है शिक्षा

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को होने वाले भभुआ और औरंगाबाद के दौरे से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर चुनाव की तरह इस बार भी खोखले वादों और जुमलों से मतदाताओं को बहकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अब बिहार की जनता पुराने वादों की हकीकत जान चुकी है। रमेश ने 2015 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भभुआ (कैमूर) में किए गए वादों की याद दिलाई, जिनमें औद्योगिक विकास, छोटे उद्योगों की स्थापना और स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा के वादे शामिल थे। मगर हुआ कुछ नहीं। रमेश ने कहा, "प्रधानमंत्री ने बिहार को सिर्फ़ भाषण और जुमले दिए।



राष्ट्रपति ट्रंप के दावे के बाद भारत ने दी प्रतिक्रिया

# 'चोरी-छिपे परमाणु हथियारों का परीक्षण करना पाकिस्तान की पुरानी आदत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान के गुपचुप तरीके से किए जा रहे परमाणु हथियारों के परीक्षण वाले सनसनीखेज बयान को लेकर शुक्रवार को भारत ने दो टूक अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चोरी-छिपे परमाणु हथियारों का परीक्षण करना पाकिस्तान के इतिहास का हिस्सा होने के साथ ही उसकी पुरानी आदत है। भारत अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों के मद्देनजर मामले को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। हमने लगातार अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है।



### दशकों से जारी पाक के अवैध क्रियाकलाप

उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद गलत और अवैध ढंग से ही सब कुछ करता रहा है। वो दशकों से अवैध तरीके से तस्करी और निर्यात नियंत्रण का उल्लंघन कर रहा है। इसके अलावा पड़ोसी दुश्मन देश का ध्यान इसी तर्ज पर साझेदारियां बनाने के अलावा, ए.क्यू. खान नेटवर्क और परमाणु प्रसार पर केंद्रित है।

**ट्रंप के बयान के असल मायने** :बीते रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति ने सीबीएस न्यूज चैनल के 60 मिनट्स कार्यक्रम में ये खुलासा किया था कि पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस और उत्तर-कोरिया जैसे देश सार्वजनिक रूप से परमाणु परीक्षण करने में लगे हुए हैं। ऐसे में अमेरिका ही दुनिया का अकेला ऐसा देश क्यों बने जो परमाणु परीक्षण न करे? हम भी परमाणु परीक्षण करने जा रहे हैं।

### रूस की सेना में तैनात 44 भारतीयों की रिहाई में जुटा भारत

बीते लंबे वक्त से रूस की सेना में अवैध ढंग से जारी भारतीय नागरिकों की भर्ती के मामले की गूंज मीडिया में सुनाई पड़ रही है। लेकिन अब विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में देश के 44 नागरिकों का एक आंकड़ा सार्वजनिक करते हुए कहा है कि यह वो लोग हैं। जो वर्तमान में रूस की सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंत्रालय ने इन सभी की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में रूसी दूतावास से लेकर मॉस्को में मौजूद अधिकारियों से संपर्क साधा है और उसमें भारतीयों की भर्ती की इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि पिछले कुछ महीनों में हमें ये पता चला है कि कुछ भारतीय नागरिकों को रूस की सेना में भर्ती किया गया है।

### मेजर विक्रांत जेटली के मामले पर यूएई की सरकार के संपर्क में भारत

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली के भाई सेवानिवृत्त मेजर विक्रांत जेटली के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की जेल में नजरबंद होने के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि मेजर जेटली के मुद्दे को लेकर हम यूएई की सरकार से संपर्क बनाए हुए हैं। बीते कई महीनों में हमने चार बार उनसे काउंसलर एक्सेस मांगी है। जिसके तहत हमारे दूतावास के अधिकारी मेजर जेटली से जाकर मिले हैं। हम उनके परिवार और धर्मपत्नी के भी संपर्क में रहे हैं।

बिहार चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## सजा का खुलासा नहीं करने पर रद्द की जाएगी उम्मीदवारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नामांकन पत्र में अपनी किसी भी आपराधिक सजा का खुलासा न करने पर, भले ही वह सजा मामूली हो और बाद में हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यह फैसला बिहार विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जो राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। यह फैसला मध्य प्रदेश के भीकनगांव से नगर पार्षद पूनम के मामले में आया है।

## नमाज के दौरान मस्जिद में धमाका, 54 घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद में धमाका हुआ है। इस हादसे में कम से कम 54 लोग घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका उत्तरी जकार्ता के केलापा गार्डिंग इलाके में एक स्कूल के अंदर बनी मस्जिद में हुआ। घटना के बाद शहर के पुलिस प्रमुख असेप एदी सुहेरी ने बताया कि पुलिस धमाके के वजह की जांच कर रही है।

## क्या हर महीने 4 लाख काफी नहीं?

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने हसीन जहां से कहा- 'क्या 4 लाख की रकम पर्याप्त नहीं है?' कलकत्ता हाईकोर्ट ने शमी को 2.5 लाख बेटी और 1.5 लाख पत्नी को गुजारे भत्ते के रूप में देने का आदेश दिया था। इस पर हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर 4 लाख रुपए को नाकाफी बताते हुए 10 लाख हर महीने गुजारा भत्ता मांगा था।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201641200, 9201631200, 9201622400

Appointment
आवश्यकता

सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यतानुसार (आवास फ्री) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर, 7747000019, 7747000016, 7746000016. (RO-348)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन- 13000- 15000 तक, सुरक्षा सुपरवाइजर वेतन- 16000- 18000 तक, एरिया रिक्रूटमेंट ऑफिसर वेतन- 16000- 18000 तक, फील्ड ऑफिसर वेतन- 14000- 16000 तक एवं ऑफिस अस्सिसटानट वेतन योग्यतानुसार, रहने के लिए (आवास फ्री) संपर्क:- BISS सिक्यूरिटी, निमोरा रोड, रावाभाटा- बिरगांव, रायपुर. मोबाइल - 8889333550, 9111400666.(RO-16)

आवश्यकता है- रायपुर मे, मंदिर हसौद टोल, रशिनी टोल ,आरंग टोल, में 20 सुरक्षागार्ड चाहिये तुरन्त (वेतन छ.ग. सरकारी दर से) पी. एफ. ई एस आई सुविधा, संपर्क करे - 7869284963, 9329280863. (आरो न - 686)

क्लासीफाईड

शिक्षक

आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उ.मा.वि. तीन दर्शन मंदिर कैम्प-1 भिलाई को हॉयर सेकेंडरी में गणित, भौतिक पढ़ाने वाले शिक्षक की आवश्यकता है। विद्यालय में सम्पर्क करें।(RO-688)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- कपड़े की दुकान में काम करने हेतु लड़के या लड़कियों की आवश्यकता है। संपर्क:- सुमित बाजार ,सिरसा गेट भिलाई-3 (RO-687)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-464)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है । पेमेंट 10000 से 20000 तक माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में परिचय वाले की प्राथमिकता । संपर्क : सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक । 9893994319.(RO-7385)

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में कार्य हेतु लड़कों आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क :- आशीष इंटरप्राइजेस न्यू शांति नगर जगदीश होटल के पास रायपुर (RO-512)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 8889997826 (RO-38966)

आवश्यकता है- घर में काम करने के लिए कुशल महिला की आवश्यकता है जो खाना बनाने व अन्य कार्य में निपुण हो। वेतन योग्यता अनुसार रहने की सुविधा है। 9340109282, 9425207767.(RO-6554)

नर्स

आवश्यकता है- नर्स की आवश्यकता है- हमारे निवास स्थान में एक नवजात शिशु की देखभाल के लिए नर्स की आवश्यकता है। कार्य की जानकारी निम्नलिखित हैः स्थानः सिविल लाइन निवास, रायपुर, कार्य समयः प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक, वेतनः रु.30000- रु.35000/- प्रति माह, अनुभवः NICU या PICU में कार्य करने का अनुभव आवश्यक कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें: 9644720222. (RO-14)

वार्डन

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल वार्डन एवं बॉयज हॉस्टल वार्डन की आवश्यकता है , वेतन अनुभव एवं योग्यतानुसार। उचित सर्टिफिकेट्स एवं डाक्यूमेंट्स के साथ सम्पर्क करे। सी पी एस, टाटीबंध, रायपुर, फोन करे 9752148000, 9109166622. 7869190431. (RO-4842)

सेवा प्रबंधक

आवश्यकता है- दिल्लीवार फिनमार्ट Mutual fund & insurance दुर्ग को आवश्यकता है, पद - सेवा प्रबंधक (बिक्री) वेतन 10,000+ ईंधन लागत+प्रोत्साहन योग्यता 12वीं पास कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान . निजी वाहन (मोटर साइकिल) अनिवार्य संपर्क: 78800-93541.(आरो नं.-1684)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

एकाउन्टेंट/मार्केटिंग

आवश्यकता है
जूनियर एकाउंटेंट (M/F)
सेल्स एक्जिक्युटिव (M/F)
मार्केटिंग एक्जिक्युटिव
कम्प्यूटर ऑपरेटर (M/F)
वेतन ₹15000 से ₹50000
पूर्ण विवरण फोटो के साथ लिखित आवेदन के साथ संपर्क करें, सुबह 11 बजे से 2 बजे तक
सहेली ज्वेलर्स
गांधी चौक, दुर्ग
मोबाईल : 0788 2210144

मेड

आवश्यकता है- जापा वाली मेड की आवश्यकता है- एक नवजात शिशु की देखभाल के लिए 24 घंटा वाली जापा वाली मेड (न्यूनतम आयु - 38 वर्ष) की आवश्यकता है। सिर्फ़ मेड हेतु रहने की व 3 टाइम का केवल शुद्ध शाकाहारी खाना दिया जाएगा । सैलरी : रु 30000- रु 45000/- प्रति माह दिया जाएगा व न्यूनतम 10 माह काम करना ही होगा। संपर्क करें: 9340730994. (RO-15)

वेल्डर/ठेकेदार

आवश्यकता है- ट्रैक्टर ट्रॉली कारखाने में वेल्डर, हेल्पर एवं ट्राली बनाने वाले ठेकेदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9827683510. (RO-39079)

होटलकर्मी

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु असिस्टेंट कुक, तन्दूर रोटी कारीगर, किचन हेल्पर, सर्विस हेतु लड़के, लड़कियों एवं फ्रेशर लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मुर्गा मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलापुर 7879121999. (RO-39077)

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान .जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव- प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.- 98932-15251, 89669-81590.(आरो न.- 682)

ऑफिस/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस एवं पैकिंग कार्य के लिए लड़की एवं महिलाओं की जरूरत है। ऑफिस - 2 पैकिंग - 2 संपर्क करें - ST ENTERPRISES भाटागांव पानी टंकी, बाजार के सामने रायपुर 9993685150, 8959850999, 9238536535.(RO-A)

गोदाम कार्य

आवश्यकता है- गोदाम कार्य हेतु मेहनती युवा लड़के की जरूरत है। संपर्क करें माहेश्वरी इंटरप्राइजेस, होटल आदित्य बील्डिंग, जयस्तंभ चौक के पास दुकान -10, 08, के.के. रोड, रायपुर छ.ग .फोन- 9301013530.(RO-6560)

मार्केटिंग/टेलीकॉलर

Requirement- In well reputed company at Bhatapara, Urgent requirements of marketing executive, telecaller, electrical technicians, we offer attractive salary and incentive, experienced and fresher can apply 7974308327. (RO-39080)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

ऑपरेटर/ड्रायवर

आवश्यकता है- पंडरी व मोतीबाग चौक स्थित क्लिनिक मे कार्य करने हेतु अनुभवी स्मार्ट युवती/ महिला (कम्प्यूटर मे दक्ष) पार्ट टाईम / फुल टाईम, अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर (न्यू राजेन्द्र नगर) व अनुभवी ड्राइवर (आटोमेटिक कार) की शीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करे- 9302525707. (RO-16)

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1) टाटा ऐस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की (2) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक/ युवतियों की। मणिधारी ट्रेडर्स औषधि वाटिका, डूमरतराई 9669164000, 9165929000. (RO-468)

आवश्यकता है- ट्रक, ट्रेलर एवं 14 चक्का गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवरों की आवश्यकता है अनुभवी बल्कर ड्राइवरों को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन सुविधाएं। हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें- 7974174906, 7000470116.(RO-bsp)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी दमोह ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 12000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री, ट्रेनिंग बाद 12,000 से 20000 महीने। संपर्क करें- 8982690021, 9993911979.(RO-511)

अन्य

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, ड्राइवर, सैलरी -28500/- से 45500/- रहना खाना फ्री- 8588080514.(RO-1217)

हरिभूमि

आवश्यकता है- नौकरी आवश्यकता है जिले अनुसार 875 लड़के लड़कियों की पढ़ाई 8वीं से ग्रेजुएशन ड्राइवर माली गार्ड सफाई कर्मचारी रहने खाने की सुविधा सैलरी (26500/58500) इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड मार्कशीट पासपोर्ट साइज फोटो व्हाट्सएप करें 7054311719.(RO-1211)

Property
प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- दो मंजिला मकान लगभग 800 वर्गफीट ईदगाह भाटा गली नंबर 13 विवेकानंद आश्रम के पीछे (एवं एक छोटा सा दुकान भी है) रायपुर संपर्क करें:- 7869898305, 9109118782.(RO-6561)

जमीन

जमीन बेचना है- कसडोल से पिथौरा मेन रोड मे संजीवनी हॉस्पिटल से लगा हुआ 51 फिट सामने एवं 144 फिट गहरा प्लाट 8 लाख रुपये प्रति डिसमिल बेचना है खरीदार ही संपर्क करें, mob 9179475903.(RO-A)

बेचना है- न्यू धमतरी रोड पर, रायपुर की तरफ टोल नाके से, पहले, कोडेबोड में 1.22 एकड़, 400 वर्गफुट फ्रंट एवं दो रोड वाली पूर्वमुखी जमीन बेचना हैः- गोदाम, फैक्ट्री, राइस मिल, फार्म हाउस, होटल, रिसोर्ट, भविष्य के निवेश आदि हेतु उपयुक्त संपर्क : 9300593000. (RO-7235)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 7494964768.(RO-349)

Home Buildup
भवन निर्माण

सम्पूर्ण भवन निर्माण
SHREEJI CONSTRUCTION
कुशल इंजीनियर की निगरानी में बनाएं अपना घर।
सपनों का घर अब बजट के अंदर
स्ट्रक्चर केवल 699/-
फिनीशिंग वर्क 1299/-
मो.- 7067938445




हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

इसे जरूर पढ़िये और समझिये

आप सभी जानते हैं कि एच.आई.वी. (H.I.V.) रोग का कोई ईलाज नहीं है क्योंकि यह वायरस रोग है किसी भी प्रकार के वायरस को मारने की दवा आज तक नहीं बना है इसलिए कि वायरस की (बॉडी) शरीर होता ही नहीं इसलिए किसी भी प्रकार की दवा इसे मार नहीं सकता इसलिए यह जानलेवा है यदि बैक्टिरिया (जीवाणु) जन्य रोग है तभी यह ऐन्टिबायोटिक दवा से मारा जा सकता है अतः यह वायरस की बीमारी जिस किसी के शरीर में है उसका शरीर ही इसे नष्ट कर सकता है इसे ही इम्यूनोथेरिपी कहते हैं वह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है कई लोग रोग मुक्त हो चुके हैं। क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें।

ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है, ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, सेबी शार्ट सेलिंग व एसएलबी ढांचे की करेगा समीक्षा

## सेबी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का करेगा गठन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को घोषणा की कि बाजार नियामक जल्द ही 'शॉर्ट सेलिंग' और प्रतिभूति उधारी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का गठन करेगा। 'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है, जिसमें निवेशक किसी शेयर के दाम गिरने की संभावना पर मुनाफा कमाने की कोशिश करता है। यानि अगर किसी को लगता है कि किसी कंपनी का शेयर नीचे जाएगा, तो वह शेयर उधार लेकर बेच देता है और बाद में कम दाम पर खरीदकर वापस करता है। नसेबी ने 2007 में 'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क शुरू किया था, जो आज तक लगभग अपरिवर्तित बना हुआ है।

### बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस

तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि 'स्टॉकब्रोकर' और म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा पहले से जारी है। सेबी निवेशकों के हितों की सुरक्षा और बाजार पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बहिर्वाह को लेकर पूछे गए सवाल पर सेबी चेयरमैन ने कहा- एफपीआई को भारत की विकास गाथा में बहुत मजबूत विश्वास है। वैश्विक निवेशकों का भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था और उसके दीर्घकालिक विकास में कायम है।



### अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है

उधार लिए गए शेयरों का इस्तेमाल प्रायः शॉर्ट सेलिंग या सेटलमेंट विफलताओं से बचाव के लिए होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एसएलबी से निवेशकों को अपने निष्क्रिय शेयरों से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, साथ ही यह बाजार की लिक्विडिटी और दक्षता बढ़ाने में भी मदद करता है।

### क्या है एसएलबी सिस्टम?

एसएलबी प्रणाली के तहत निवेशक या संस्थान अपने डीमैट खातों में रखे शेयरों को शुल्क लेकर दूसरे निवेशकों को उधार दे सकते हैं। यह लेनदेन स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिए किया जाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन इस प्रक्रिया में सेटलमेंट की सुरक्षा और गारंटी प्रदान करता है।

### क्यों जरूरी है समीक्षा?

'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क 2007 से अपडेट नहीं हुआ है। एसएलबी प्रणाली, जो 2008 में शुरू हुई थी, कई बार संशोधित होने के बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं मानी जाती। इसलिए सेबी अब इन दोनों प्रणालियों का गहन पुनर्मूल्यांकन करना चाहती है।

## खबर संक्षेप

### अरविंद लिमिटेड के लाभ में 70 फीसदी का उछाल



**नई दिल्ली।** कपड़ा एवं परिधान कंपनी अरविंद लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत बढ़कर 106.74 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई सिंतबर तिमाही में 62.77 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### पीएफसी का लाभ नौ फीसदी बढ़कर 7,834 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 7,834.39 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने सूचना में यह जानकारी दी। पीएफसी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7,214.90 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे टूटकर 88.65 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को दो पैसे गिरकर 88.65 पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये में गिरावट आई। घरेलू मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.61 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 88.72 के निचले स्तर तक गिर गया।

### नाइका का लाभ बढ़कर पहुंचा 34 करोड़ रुपए पर



नई दिल्ली। फैशन एवं सौंदर्य उत्पादों की खुदरा विक्रेता फर्म नाइका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 34.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### हिंडाल्को के शुद्ध लाभ में 21 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की इकाई हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.2 प्रतिशत बढ़कर 4,741 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को भारतीय कारोबार के मजबूत प्रदर्शन, अनुशासित लागत प्रबंधन और विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन दक्षता के बल पर यह मुनाफा हुआ।

### गेल चेयरमैन के लिए दीपक गुप्ता के नाम की सिफारिश



**नई दिल्ली।** लोक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेललिमिटेड के निदेशक (परियोजना) दीपक गुप्ता को कंपनी का अगला चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किए जाने की सिफारिश की है। पीईएसबी ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक सूचना में बताया कि छह नवंबर को 12 आवेदकों के साक्षात्कार के बाद गुप्ता को इस पद के लिए चुना गया। वह मौजूदा सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लेंगे जो 28 फरवरी, 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने जारी की रिपोर्ट

# देश में त्योहारों की 42 दिन की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।''

### खपत बढ़ाने में जीएसटी 2.0 का असर रहा

इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा, ''किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही।''

सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई ▶ यात्री व दोपहिया वाहनों का रिकॉड पंजीयन किया गया ▶ त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई

*घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही।*



*तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों में नौ व पंद्रह फीसदी की वृद्धि रही : इसी प्रकार 42 दिन की अवधि के दौरान तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण में क्रमशः नौ प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोटर वाहन की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 40,23,923 इकाई हो गई।*

### दोपहिया की खुदरा बिक्री 22 फीसदी बढ़ी

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी। विग्नेश्वर ने कहा कि इस क्षेत्र को बेहतर ग्रामीण माहौल, बेहतर नगदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण के कारण सामर्थ्य में सुधार का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इस दौरान कम्यूटर बाइक व स्कूटर की अच्छी मांग के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में भी रुचि बढ़ी।

### दोपहिया की बिक्री सालाना आधार पर 52 फीसदी रही

इसी प्रकार अक्टूबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 20,75,578 इकाई थी। फाडा के अनुसार, अक्टूबर में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 1,29,517 इकाई हो गई, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पिछले महीने की समान अवधि की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### अगले तीन माह रहेगे सकारात्मक

वाहन डीलरों के संगठन ने कहा, ''जीएसटी 2.0 के निरंतर प्रभाव, स्थिर ग्रामीण आय और शादियों व फसलों की मौसमी मांग के कारण अगले तीन महीनों के लिए भारत के मोटर वाहन का खुदरा परिदृश्य निर्णायक रूप से सकारात्मक बना हुआ है।''

# डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में जुलाई से फिर आई तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शंकर ने एसबीआई के एक कार्यक्रम में कहा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि जुलाई, 2025 से डिजिटल धोखाधड़ी के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। शंकर ने यहां भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा, "लेनदेन की संख्या के अनुपात में देखें तो इस वर्ष की शुरुआत से जुलाई तक धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आई थी। लेकिन जुलाई के बाद से ये मामले फिर बढ़ने लगे हैं। शंकर ने कहा कि वृद्धि मौसमी या चक्रीय हो सकती है और आरबीआई इसके कारणों की जांच कर रहा है। आरबीआई के वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घटकर 23,953 पर आ गई जबकि इससे पहले के वित्त वर्ष में यह 36,000 से अधिक थी। धोखाधड़ी की अधिकांश घटनाएं डिजिटल भुगतान के क्षेत्र, जैसे कार्ड और इंटरनेट लेनदेन के दौरान हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंक संख्या के लिहाज से करीब 60 प्रतिशत धोखाधड़ी मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा मूल्य के आधार पर 71 प्रतिशत से अधिक है।



*क्रमिक डिजिटलीकरण से प्रतिस्पर्धा संभव नहीं : केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर ने बैंकरों को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक बैंक संरचनात्मक रूप से कमजोर हैं क्योंकि उनके पास बड़ा शाखा नेटवर्क, उच्च अनुपालन लागत और जटिल आईटी ढांचा है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ये बैंक केवल "क्रमिक डिजिटलीकरण" करने से प्रतिस्पर्धी नहीं रह पाएंगे।*

### अवसंरचना को आधुनिक व लचीला बनाने की सलाह

शंकर ने बैंकों से प्रमुख अवसंरचना को आधुनिक बनाने और उसे लचीला करने की सलाह दी ताकि वे फिनटेक परिवेश के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने कहा कि भविष्य में बैंकों की प्रतिस्पर्धात्मकता अब केवल बैलेंस शीट की ताकत पर नहीं बल्कि डेटा क्षमताओं और तकनीकी लचीलापन पर निर्भर करेगी।

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट



- सेंसेक्स 95 अंक फिसला
- निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर में तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से काफी हद तक उबरने में सफल रहे।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी दोपहर तक गिरावट में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# भारत में एआई का उपयोग रिकॉर्ड गति से बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ओपनएआई के ओलिवर जे ने कहा, भारत में वृद्धि अभूतपूर्व
- एआई की गति भारत में हर साल तीन गुना तेजी से बढ़ रही

अमेरिकी कंपनी ओपनएआई में अंतरराष्ट्रीय रणनीति के प्रबंध निदेशक ओलिवर जे ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है और इसकी गति हर साल तीन गुना बढ़ रही है। जे ने कहा कि देश में एआई को अपनाने की यह तीव्र गति युवा आबादी द्वारा इसके बढ़ते इस्तेमाल से प्रेरित है।ओलिवर जे ने कहा, '' भारत में हम जो गति देख रहे हैं वह अविश्वसनीय है। हम जबरदस्त वृद्धि देख रहे हैं। भारत में हमने जो वृद्धि देखी है वह साल दर साल तीन गुना हो गई है...। जे ने 'सीएनबीसी-टीवी18 के ग्लोबल लीडरशिप समिट' 2025 में कहा, '' जब हम भारत के बारे में सोचते हैं, तो हमारा मूल विश्वास है कि अगर आप भारत के लिए निर्माण करते हैं तो आप दुनिया के लिए भी निर्माण कर सकते हैं। भारत वास्तव में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी को अपनाने में अग्रणी है। जब आप 18 से 24 वर्ष की आयु के बीच की आबादी के बारे में सोचते हैं, तो यह भारत में एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे भारत के डेवलपर और व्यवसाय एआई के उपयोग में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

### चैटजीपीटी के लिए भारत दूसरा तेजी से बढ़ता बाजार

जे ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता और भारतीय उद्यमों एवं नीति निर्माताओं के साथ भविष्य में सहयोग की संभावनाओं को लेकर आशा व्यक्त की। ओपनएआई इस वर्ष के अंत में नयी दिल्ली में अपना पहला भारतीय कार्यालय खोलने जा रहा है जो चैटजीपीटी के लिए अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

# सरकार ने उपभोक्ता कानून में सुधारों का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों की रूपरेखा पेश की। इस कदम का मकसद लंबित मामलों को कम करना और कृत्रिम मेधा (एआई) तथा डिजिटल मंच के जरिये विवाद समाधान में तेजी लाना है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 2019 के कानून में सुधारों पर चर्चा के लिए नयी दिल्ली में एक परामर्श बैठक आयोजित की, जिसमें मामलों के निपटारे के लिए सख्त समयसीमा और एआई तथा मशीन लर्निंग टूल्स सहित प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि कानून में इस समय नियमित मामलों के लिए तीन महीने और जांच की जरूरत वाले मामलों के लिए पांच महीने की समयसीमा है।

# सोना 100 रुपए टूटकर 1,24,600 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

- चांदी 1,53,300 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,24,100 रुपये से 100 रुपये गिरकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 19.84 डॉलर यानी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 3,996.93 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 48.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## वेलस्पन एंअरप्राइजेज को मिला संयंत्र बनाने का ठेका



**नई दिल्ली।** वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड (डब्ल्यूईएल) को महाराष्ट्र के पंजरापुर में 91 करोड़ लीटर प्रतिदिन क्षमता के जल शोधन संयंत्र के डिजाइन, निर्माण और परिचालन के लिए 3,145 करोड़ रुपये का नया ठेका मिला है। वेलस्पन ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसने इस परियोजना के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में जल प्रबंधन प्रौद्योगिकियों में वैश्विक अग्रणी वेओलिया के साथ साझेदारी की है। इसमें कहा गया, '' 3,145 करोड़ रुपये मूल्य की इस परियोजना में व्यापक 'सिविल', 'मैकेनिकल', 'इलेक्ट्रिकल' और 'इंस्ट्रूमेंटेशन' कार्यों के साथ-साथ उपचारित जल संप व पंपिंग स्टेशन का निर्माण भी शामिल है। बयान के अनुसार, कुल अनुबंध मूल्य में 1,156 करोड़ रुपये का परिचालन व रखरखाव का हिस्सा शामिल है। इसमें 29 करोड़ रुपये की अस्थायी राशि शामिल नहीं है।

## साहस दिखाने की आवश्यकता के कारण बैंक मानदंडों में ढील दी गई

# केंद्रीय बैंक सावधानी से आगे बढ़ रहा : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- बैंकों पर अधिक जिम्मेदारियां उनके बेहतर प्रदर्शन व कामकाज का कारण

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है लेकिन साहस दिखाने की आवश्यकता के कारण हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम में मल्होत्रा ने साथ ही स्पष्ट किया कि बैंकों पर अधिक जिम्मेदारियां उनके बेहतर प्रदर्शन एवं बेहतर कामकाज के कारण हैं। केंद्रीय बैंक के पास किसी भी गलत व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त साधन मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहता है।

### सट्टा गतिविधियों पर लगाम रहेगा

रियल एस्टेट कंपनियों को विदेश से उधार लेने की अनुमति देने के कदम पर स्पष्टीकरण देते हुए मल्होत्रा ने कहा कि ईसीबी की अनुमति केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों के अनुरूप परियोजनाओं के लिए है। किसी भी सट्टा गतिविधि या भूमि खरीद के लिए यह प्रतिबंधित रहेगा।



### नियम बनाने की प्रक्रिया अधिक खुली

*गवर्नर ने कहा कि आरबीआई सार्वजनिक परामर्श और इस कदम के प्रभाव का आकलन करने के बाद नियम बनाने की प्रक्रिया को अधिक खुला, आंकड़ों एवं साक्ष्यों पर आधारित बनाने का प्रयास कर रहा है।*

### नियामक, बोर्डरुम का स्थान नहीं ले सकता है

कोई भी नियामक 'बोर्डरूम' के निर्णय का स्थान नहीं ले सकता है और न ही उसे ऐसा करना चाहिए। प्रत्येक मामले को विनियमित संस्था द्वारा योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए। आरबीआई ने पिछले महीने कई उपायों की घोषणा की थी जिनमें बैंकों को घरेलू अधिग्रहणों के लिए धन मुहैया कराने और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए विदेशी उधारी लेने की अनुमति देना शामिल है।

### कारोबार को आसान बनाने पर ध्यान

पदभार ग्रहण करने के बाद से मल्होत्रा ने कारोबार को आसान बनाने और किसी भी कदम की घोषणा करने से पहले नियमों को ध्यान में रखने पर जोर दिया है। मल्होत्रा ने इन कदमों के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए कहा, '' ...जबकि हम सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं, हमें साहस भी दिखाना होगा।''

### अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागना ठीक नहीं

गवर्नर ने कहा कि अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागते हुए वित्तीय स्थिरता से समझौता करने से वृद्धि पर दीर्घकालिक प्रभाव होगा जिससे लागत बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक को आर्थिक संदर्भ के प्रति सचेत रहने और संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.96 अरब डॉलर घटकर 564.59 अरब डॉलर रह गईं।

# विश्व विजेता बेटियों का सम्मान : स्मृति, जेमिमा और राधा को महाराष्ट्र सरकार ने दिए 2.25 करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया। दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान फडणवीस ने तीनों को 'महाराष्ट्र का गौरव' बताया और कहा कि टीम की जीत युवा लड़कियों को खेलों में शामिल होने के साथ वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी। फडणवीस ने कहा, 'आपने महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया है। आपकी जीत से राज्य में खुशी का माहौल है।





### कोच मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक

क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 11 लाख रुपए दिए गए। गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी, पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डायना एडुल्जी, विश्लेषक अनिरुद्ध देशपांडे, लॉजिस्टिक्स समन्वयक अपर्णा गंभीरराव और सहयोगी स्टाफ सदस्य मिहिर उपाध्याय, पूर्वा काटे और ममता शिरुरुल्ला इस मौके पर मौजूद थे।

### महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया : मंधाना

उप-कप्तान मंधाना ने राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें आमंत्रित करने और सम्मानित करने के लिए धन्यवाद और वो भी मुंबई में जो इसे और भी खास बनाता है। महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया है। 2017 में भी जब हम उपविजेता रहे थे तब भी हमें सम्मानित किया गया था। हमारे कई सहयोगी स्टाफ इसी राज्य से हैं। उनकी कड़ी मेहनत के बिना यह जीत संभव नहीं होती।'

### सीएम चंद्रबाबू नायडू से मिली श्रीचरणी




अमरावती में भारतीय क्रिकेटर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य के मानव संसाधन विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी को भारत की महिला विश्व कप जीत पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी से कहा कि महिला विश्व कप जीतकर उन्होंने भारतीय महिलाओं की शक्ति का परिचय दिया है। वह महिला एथलीट्स के लिए एक आदर्श बन गई हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को विजेता बनाने वालीं स्पिनर के साथ सेल्फी। श्रीचरणी ने महिला विश्व कप 2025 में 9 मुकाबले खेलते हुए 27.64 की औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए थे।

### अमनजोत-हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

**चंडीगढ़।** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की



सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हवाई अड्डे से बाहर आते ही दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने कहा, 'यह जीत पूरे भारत, पूरे पंजाब की है।' उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। अमनजोत ने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे।' देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया।

## भारत 2-1 आगे, पांचवां टी-20 आज दोपहर 1:45 बजे से

# ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम 8 नवंबर को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा।

### गिल ने दिया लय में वापसी का संकेत

भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी, जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था।




### टीम इंडिया का निचला क्रम प्रभावी

भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

### हेजलवुड के हटने से पैनापन की कमी

हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, सेक्टर-24, प्लॉट नंबर 48, नया रायपुर

ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपति की बिक्री की सूचना

ई-नीलामी तिथि एवं समय : 09.12.2025 प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में)<br>ई.एम.डी. (लाख में)<br>बोली बढ़ोत्तरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक<br>ब) कब्जा दिनांक<br>स)बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | एआरबी(रायपुर):- मेसर्स श्री शिव शंकर पाण्डेय पिता दिनबंधु पाण्डेय (ऋणी) श्रीमती मधु पाण्डेय पति शिव शंकर पाण्डेय (सह-ऋणी) | रिहायशी मकान : साम्यिक बंधक अचल सम्पत्ति आवासीय भवन स्थित प.ह.न. 26, खसरा नं. 83/20, मौसाजी व्हाईट हाउस के पीछे, राजघराना कॉलोनी, मौजा-अमेरी, रा.नि.मं. सकरी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. श्री शिव शंकर पाण्डेय पिता दिनबंधु पाण्डेय के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल 3850 वर्गफीट चौहद्दीः उत्तर रोड, दक्षिण-जे.के दास का मकान, पूर्व-श्रीवास का मकान, पश्चिम - रोड. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 43.00<br>₹ 4.30<br>₹ 0.25 | अ) 29.06.2024<br>ब) 03.10.2024<br>स) ₹ 48.91 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 02. | एआरबी(रायपुर):- उधारकर्ताः- श्री बीरबल निषाद एवं श्रीमती दागेश्वरी निषाद (सह-आवेदक) | रिहायशी संपत्ति :- आवासीय संपत्ति का साम्यिक बंधक लेआउट प्लॉट क्रमांक-55, 'स्वर्णिमा एरा कॉलोनी' खसरा क्रमांकः 976/195 (पुराना खसरा क्रमांक 976/4), मौजा खमतराई, प.ह.नं. 17/25, ब्लॉक बिल्हा, बिलासपुर, क्षेत्रफल 840.00 वर्ग फीट (G+2) श्रीमती डागेश्वरी निषाद के नाम पर है जिसकी चौहद्दीः-उत्तर-लेआउट प्लॉट क्रमांक 56, दक्षिण-लेआउट प्लॉट क्रमांक 54, पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम- गार्डन। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 42.50<br>₹ 4.25<br>₹ 0.25 | अ) 15.07.2025<br>ब)10.10.2025<br>स)₹ 34.94 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 03. | एआरबी(रायपुर):- उधारकर्ताः- श्री प्रीतपाल सिंह पंछी पिता स्व. श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री रवीन्द्र पाल सिंह पंछी पिता स्व. श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री नरेशपाल सिंह पंछी पिता स्व. श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री राजपाल सिंह पंछी पिता स्व. श्री दर्शन सिंह पंछी, श्रीमती निर्मल कौर पंछी पति स्व. श्री दर्शन सिंह पंछी। | आवासीय भूमि एवं भवन :- आवासीय भूमि एवं भवन निर्मित क्षेत्र सहित खसरा नं. 943/2, प.ह.नं. 21/35, प्लॉट नंबर 43/5, शीट नंबर 31, ब्लॉक नंबर 10, मौजा- मंगला, तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 10470.00 वर्गफुट। संपत्ति के स्वामी :- श्री रवीन्द्रपाल सिंह पंछी, नरेशपाल सिंह पंछी, श्री प्रीतपाल सिंह पंछी, श्री राजपाल सिंह पंछी एवं श्रीमती निर्मल कौर पंछी, चौहद्दीः-उत्तर-चौहान का मकान एवं अन्य का प्लॉट, दक्षिण-गली, पूर्व-सड़क, पश्चिम-टंडन जी का मकान। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 233.75<br>₹ 23.37<br>₹ 0.50 | अ) 19.06.2025<br>ब)10.10.2025<br>स)₹ 58.79 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 04. | एआरबी(रायपुर)शाखाः ऋणीः मेसर्स वेंकटेश हीरो (पार्टनर : श्रीमती दुर्गेश नंदिनी चौरसिया एवं श्री गोविंद चौरसिया) जमानतदारः श्री भरत कुमार चौरसिया | रिहायशी संपत्तिः आवासीय संपत्ति/मकान एवं खसरा नं. 28/23 एवं 29/11, भूखण्ड क्रमांक 393/2,-शीट क्रमांक-6, ब्लॉक क्रमांक-9, विष्णु नगर, वार्ड क्रमांक-2, काचीमारा, कुदुदंड, बिलासपुर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1305 वर्गफीट है। श्री भरत कुमार चौरसिया के नाम पर पंजीकृत है। चौहद्दीः -उत्तर-दुलारिन बाई की जमीन, दक्षिण-बालिका बाई साहू की जमीन, पूर्व-कश्यप की जमीन, पश्चिम निस्तारी रोड। (सांकेतिक कब्ज़ा) | ₹ 49.00<br>₹ 4.90<br>₹ 0.25 | अ)22.12.2024<br>ब)04.03.2025<br>स) ₹ 202.36 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 05. | एआरबी(रायपुर) शाखाः- ऋणी : मेसर्स शांति इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर श्री नितिन द्विवेदी जमानतदारः श्री अवधेश द्विवेदी पिता श्री कैलाशनाथ द्विवेदी एवं श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी पति श्री आदर्श द्विवेदी | A) रिहायशी सम्पति : साम्यिक बंधक युक्त रिहायशी परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 451/4, भूखंड नंबर 27, प.ह.नंबर 60 पर स्थित है। शिव विहार कॉलोनी, आईबीपी पेट्रोल पंप के सामने वाली गली, मौजा- उसलापुर, RNM-सकरी, ब्लॉक और तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी से संबंधित है, जिसका क्षेत्रफल 872.00 वर्गफीट है। चौहद्दीः उत्तर-अवधेश द्विवेदी का मकान, दक्षिण-रोड, पूर्व-दुबे का मकान, पश्चिम-अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>B) रिहायशी सम्पत्तिः खसरा नंबर 451/14, प्लॉट नंबर 28/29, प.ह.नंबर 60 पर स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि का साम्यिक बंधन। शिव विहार कॉलोनी, गली आईबीपी पेट्रोल पंप के सामने, मौजा-उसलापुर, RNM-सकरी, ब्लॉक और तहसील-तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी की है, जिसका क्षेत्रफल 872.00 वर्गफीट है। चौहद्दीः उत्तर-अवधेश द्विवेदी का मकान, दक्षिण-रोड, पूर्व-दुबे का मकान, पश्चिम-अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा) | A. ₹ 10.12<br>₹ 1.01<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 10.12<br>₹ 1.01<br>₹ 0.25 | अ)20.08.2024<br>ब)06.01.2025<br>स) ₹ 62.51 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 06. | एआरबी(रायपुर)शाखा :उधारकर्ताः-मेसर्स शगुन एंटरप्राइजेज, प्रोप-श्री रूपेश कुमार टावरी, गारंटर- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा | रिहायशी फ्लैट :-साम्यिक बंधक युक्त आवासीय फ्लैट नंबर डी-401, चौथी मंजिल, प्रिंसेस प्राइड कौरिनभाटा, हरिओम नगर, खसरा नं. 106/10 एवं 106/11, प.ह.नं. 36/24, वार्ड क्रमांक 22, तहसील एवं जिला राजनांदगांव, छ.ग. क्षेत्रफल 662.50 वर्गफुट। श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा के नाम पर स्थित, चौहद्दीः-उत्तर - फ्लैट नं. 404. दक्षिण - खुली भूमि, पूर्व - खुली भूमि। पश्चिम - फ्लैट नंबर 402. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 17.50<br>₹ 1.75<br>₹ 0.25 | अ) 09.04.2025<br>ब) 04.07.2025<br>स)₹ 328.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 07. | राजेन्द्र नगर (बिलासपुर) शाखा -ऋणी : श्री सुजीत कुमार तिवारी पिता श्री राम चरन तिवारी, सह-ऋणीः- श्रीमती कृति द्विवेदी पति श्री सुजीत कुमार तिवारी गारंटरः- श्रीमान. दिलीप कुमार तिवारी पुत्र स्व. श्री दिनकर प्रसाद तिवारी | आवासीय भूमि और मकानः- सभी एवं आंशिक भाग की संपत्ति स्थित खसरा नं. 1336/20, प.ह.नं. 21/35, भूखंड क्र. 205/4 का भाग, शुभम विहार के पास, सन सिटी, मुंगेली रोड, मौजा - मंगला, तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ.ग.), अनुमानित क्षेत्रफल 1000.00 वर्गफीट, श्रीमती कीर्ति द्विवेदी एवं श्री सुजीत कुमार तिवारी के नाम पर स्थित. उत्तरः सिंधी का घर, दक्षिणः श्रीवास का घर, पूर्वः 20'00" सीसी रोड, पश्चिम : अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 30.00<br>₹ 3.00<br>₹ 0.25 | अ) 16.10.24<br>ब) 31.01.25<br>स) ₹ 29.76 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 08. | राजेन्द्र नगर (बिलासपुर) शाखा -ऋणी : श्री जय प्रकाश गुप्ता पिता श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता (2) श्रीमती रूकमनी गुप्ता पति श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता जमानतदारः श्री दर्श गुप्ता पुत्र श्री नंद कुमार गुप्ता | रिहायशी भूमि एवं भवन : कंस्ट्रक्टड खसरा नं. 221/21, प.ह.नं. 23/40, भूखंड नं. 162/5, शीट नं. 16, ब्लॉक नं. 20 सेक्टर-ऊ डॉ. अम्बेडकर वार्ड नं. 5, नगर पालिका तिफरा, मौजा-तिफरा, तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 729.00 वर्गफीट श्रीमती रूकमनि गुप्ता पति श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता के नाम पर स्थित. चौहद्दीः-उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-दीपिका की भूमि, पूर्व-मीना की भूमि, पश्चिम-निस्तारी रोड। (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 17.90<br>₹ 1.79<br>₹ 0.25 | अ) 16.10.24<br>ब) 31.01.2025<br>स) ₹ 14.31 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 09. | पद्मनाभपुर शाखा श्री चंचल सिंघ पिता श्री हेम सिंघ | रिहायशी मकान :-प्लॉट क्रमांक-09, खसरा क्रमांक 1000/14 (नया) 1000/2 भाग (पुराना), कुरुद, भिलाई, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ कुल क्षेत्रफल 1346 वर्ग फीट, श्री चंचल सिंह पुत्र श्री हेम सिंह के नाम पर, चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट क्रमांक 10, दक्षिणः प्लॉट क्रमांक 8, पूर्वः 25 फीट रोड, पश्चिमः खान भूमि (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 11.97<br>₹ 1.19<br>₹ 0.25 | अ) 19.10.2019<br>ब) 15.01.2021<br>स)₹ 6.10 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 10. | एआरबी(रायपुर)शाखाः- मेसर्स डेलकॉर्प ट्रेड एंड सर्विस प्रो. श्री अलीमुद्दीन शेख पिता श्री जमीलुद्दीन शेख, जमानतदार 1. श्री जमीलुद्दीन शेख 2. श्रीमती शमीम परवीन शेख | (A) कमर्शियल डायवर्टेड भूमि : साम्यिक बंधक अचल संपत्ति फ्रीहोल्ड परिवर्तित भूमि स्थित खसरा नं. 354/2, प.ह.नं. 41, ग्राम-कुषगढ़, तहसील कसडोल, आरएनएम- गिधौरी, जिला बलोदा बाजार (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.701 हेक्ट., श्रीमती शमीम परवीन शेख पति श्री अलीमुद्दीन शेख के नाम पर. चौहद्दीः- उत्तर-जनकराम साहू की कृषि, दक्षिण- सांकरा से गिरौदपुरी रोड, पूर्व- सूरत राम की कृषि भूमि, पश्चिम- घसदिया की कृषि भूमि. (सांकेतिक कब्जा)<br>(B) कमर्शियल डायवर्टेड भूमि :साम्यिक बंधक अचल संपत्ति फ्रीहोल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 94/1 (भाग), खसरा नं. 94/11, प.ह.नं. 41/26, ग्राम-कुषगढ़, तहसील- कसडोल, आरएनएम-गिधौरी, जिला-बलोदाबाजार (छ.ग.) क्षेत्रफल 1.251 हेक्ट., श्री शेख जमीलउद्दीन पिता श्री शेख नजुरिद्दीन के नाम पर. चौहद्दीः- उत्तर-रोड, दक्षिण-शेख नईमुद्दीन की कृषि भूमि, पूर्व- राम भरोसा की भूमि, पश्चिम- शेख नईमुद्दीन की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | A. ₹ 80.17<br>₹ 8.01<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 129.00<br>₹ 12.90<br>₹ 0.50 | अ)02.12.2021<br>ब)14.02.2022<br>स)₹288.40 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय 09.12.2025 सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित 5 मिनट के अंतराल के एक्स्टेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 10.11.2025 से 08.12.2025 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.

**नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

**उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -एआरबी (रायपुर) शाखा - श्री सूरज कुमार-7717741309, राजेन्द्रनगर (बिलासपुर) शाखा - श्री राजन-9934578911, पदमनाभपुर शाखा - श्री ललित सिंघ-8084326918, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी - श्री रामा राव, मोबाईल - 99084 84996.**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तेः 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं baanknet के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थानः रायपुर
दिनांकः 08.11.2025

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 08.11.2025 सेंट्रल क्रॉनिकल, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक
बैंक ऑफ इंडिया

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# कोको को हराकर अंतिम चार में पहुंची सबालेंका

एजेंसी ▶▶| रियाद

शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने कोको गॉफ को 7-6, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप चरण में लगातार तीसरी जीत के साथ अमेरिका की इस प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।



सबालेंका की जीत का मतलब है कि वह बेलारूस की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के साथ अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पेगुला ने इससे पहले जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड 2-1 (दो जीत और एक हार) कर लिया था। गत चैंपियन गॉफ का स्कोर 1-2 रहा, जबकि पाओलिनी का स्कोर 0-3 रहा।

### आईसीसी का बड़ा फैसला अगले महिला विश्व कप में हिस्सा लेंगी 10 टीमें

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के महिला विश्व कप 2025 जीतने के बाद खेल की लोकप्रियात में भारी उछाल देखने को मिला है। इस टूर्नामेंट को पुरुष विश्व कप और आईपीएल के बराबर देखने वाले लोगों ने देखा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए आईसीसी ने महिला विश्व कप 2029 के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब आगामी महिला वनडे विश्व कप में आठ की जगह 10 टीमें हिस्सा लेंगी। बता दें कि हाल ही में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में संपन्न हुए महिला विश्व कप 2025 में आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम विश्व विजेता बनी। भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीम ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

## 1925 में हुआ था हॉकी महासंघ का गठन

# हॉकी के दिग्गजों ने मनाया सौ साल पूरे होने का जश्न



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 वर्ष के गुरबख्श सिंह से लेकर पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह तक कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। सौ वर्ष पहले 1925 में ग्वालियर में भारतीय हॉकी महासंघ का गठन हुआ था। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय हॉकी टीम के महानायकों को इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर सम्मानित किया गया, जिनमें ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह (1964 और 1968), हरबिंदर सिंह (1964, 1968 और 1972), अशोक कुमार (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), बीपी गोविंदा (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), असलम शेर खान (1975 विश्व कप), जफर इकबाल (1980 ओलंपिक) ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (1972 ओलंपिक) के अलावा रोमियो जेम्स, असुंथा लाकड़ा और सुभद्रा प्रधान शामिल हैं। इस अवसर पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हॉकी के जरिये ही ओलंपिक में भारत को पहचान मिली और दुनिया को दिखाया कि खेलों में हमारा देश क्या कर सकता है और तभी से हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29.11.2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।


| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक<br>कब्जा दिनांक<br>बकाया राशि | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्रीमती संध्या साहू पत्नि नरेंद्र कुमार साहू,** निवासी- गेट नंबर 02, बसंत विहार, गोंदवारा, रायपुर सहऋणी- **श्री नरेंद्र कुमार साहू पुत्र मदन लाल साहू,** | संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय भूमि एवं भवन स्थित खाता क्रमांक 9000, खसरा क्रमांक 113/468, मौजा कोटा- 3, पिन कोड- 492001 (साईं नाथ कॉलोनी), राम कृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 02, प.ह.नं. 107/51, आरएनएम रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 996.60 वर्गफीट **चर्तुसीमाएंः** उत्तरः उइमाछवी प्रियंजना का मकान, दक्षिणः धन्नू रवानी का मकान, पूर्वः केशव बाघमार की भूमि, पश्चिमः सड़क BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSANDHYA COORDINATES: 21.263042, 81.604561 सांकेतिक कब्जा | 01.03.2025<br>21.05.2025<br>दि. 06/11/2025 को ₹ 26,35,086.19 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 28,54,000/-<br>₹ 2,85,400/-<br>₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28/11/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29/11/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 06-11-2025, स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# वाणी ने जीता डब्ल्यूपीजीटी का खिताब




**जयपुर।** वाणी कपूर ने आखिरी तीन होल में तीन बर्डी लगाकर महिला प्रो गोल्फ टूर के 14वें चरण के तीसरे और अंतिम दौर में जैस्मीन शेखर की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए खिताब अपने नाम किया। वाणी ने लगातार तीसरे दिन दो अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर छह अंडर का रहा। जैस्मीन ने भी तीसरे दौर में 68 कार्ड खेला लेकिन उनका ओवरऑल स्कोर पांच अंडर का रहा। मौजूदा सत्र की पांचवीं जीत के साथ वाणी ने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। स्नेहा सिंह (69) दो-अंडर 208 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि अमनदीप द्राल (70) इवन पार 210 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
यदि आप कब्ज, गैस और एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए 'पेट सफा' आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स/टेबलेट्स। पेट सफा पहली रात से असर दिखाता है, और इसकी आदत भी नहीं पड़ती।
20% EXTRA
TABLETS
रात को एक चम्मच खाओ सुबह फ्रैश हो जाओ...
कब्ज़ गैस एसिडिटी
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Divisa

# चांद की मिट्टी में छिपा भविष्य का ईंधन, नासा से लेकर चीन तक में पाने की लगी होड़

वॉशिंगटन। पृथ्वी के सबसे नजदीकी उपग्रह चांद पर अब एक नई होड़ शुरू हो गई है। यह दौड़ सिर्फ मानवों को फिर से चंद्रमा पर भेजने या वहां बस्तियां बसाने की नहीं, बल्कि वहां मौजूद एक बहुमूल्य तत्व हीलियम-3 पर कब्जा जमाने की है, जिसे भविष्य की स्वच्छ और असीमित ऊर्जा का स्रोत माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा की सतह पर मौजूद रेगोलिथ (चांद की मिट्टी) हीलियम-3 से भरपूर है। यह एक हल्का, गैर-रेडियोधर्मी समस्थानिक है, जो अरबों वर्षों से सौर हवा के कारण चांद की सतह पर जमा होता आ रहा है। पृथ्वी पर यह तत्व बेहद दुर्लभ है और हर साल इसके केवल कुछ हजार लीटर ही ट्रिटियम के क्षय से बनते हैं।

### हीलियम-3 को पाने की लगी होड़


यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, हीलियम-3 का उपयोग संलयन रिएक्टरों में स्वच्छ और सुरक्षित बिजली उत्पादन के लिए किया जा सकता है। मौजूदा परमाणु विखंडन तकनीक रेडियोधर्मी कचरा उत्पन्न करती है, जबकि हीलियम-3 आधारित संलयन ना तो रेडियोधर्मी होगा और ना ही खतरनाक अपशिष्ट पैदा करेगा। इस संभावित ऊर्जा स्रोत के कारण अमेरिका, चीन, रूस, भारत और यूरोप सभी चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति स्थापित करने की दौड़ में हैं। अनुमान है कि चंद्रमा की सतह की ऊपरी परत में लाखों मीट्रिक टन हीलियम-3 मौजूद है। बता दें, सबसे पहले अपोलो मिशन के भूविज्ञानी हैरिसन श्मिट ने हीलियम-3 के बारे में बताया था। जेडएमई साइंस के अनुसार, फिनलैंड की क्रायोजेनिक्स कंपनी ब्लूफोर्स ने स्टार्टअप इंटरल्यून के साथ हर साल 1000 लीटर चंद्र हीलियम-3 की आपूर्ति के लिए 300 मिलियन डॉलर का करार किया है। वहीं, ब्लू ओरिजिन ने प्रोजेक्ट ओएसिस शुरू किया है, जिसके तहत वह चंद्रमा की कक्षा से पानी की बर्फ और हीलियम-3 जैसे संसाधनों का मानचित्रण करेगी।

### इस दशक के अंत तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की योजना



अनुमान है कि चंद्रमा की सतह की ऊपरी परत में लाखों मीट्रिक टन हीलियम-3 है मौजूद

नासा और चीन दोनों ही इस दशक के अंत तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की योजना बना रहे हैं। नासा के कार्यवाहक प्रमुख सीन डफी का कहना है कि चीन के पहले पहुंचने की संभावना कम है, जबकि बीजिंग ने अपने चंद्र दक्षिणी ध्रुव मिशन की तैयारियां तेज कर दी हैं, जहां पानी की बर्फ और खनिज संपदा होने का अनुमान है। हालांकि चंद्रमा से हीलियम-3 लाना संभव हो सकता है, लेकिन इसे ऊर्जा उत्पादन में उपयोग करने की वैज्ञानिक चुनौती अभी बनी हुई है। विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक गेराल्ड कुल्सिंस्की ने इस पर एक छोटा रिएक्टर विकसित किया है, लेकिन अब तक कोई भी प्रयोग कुछ मिनटों से ज्यादा समय तक शुद्ध ऊर्जा लाभ के साथ नहीं चल पाया है।



# रोज नाश्ते में पीता है 110 कच्चे अंडे बिना फेंटे गटक जाता है शख्स

ताशकंद। सोशल मीडिया की दुनिया में रोज नई-नई वायरल स्टोरीज़ आती रहती हैं, लेकिन कभी-कभी ऐसी आती हैं जो इंसान की हदें पार कर जाती हैं। ताजा मामला उज़्बेकिस्तान का है, जहां एक शख्स ने दावा किया है कि वो पिछले कई सालों से हर सुबह नाश्ते में 110 कच्चे अंडे पी जाता है। अंडों को वो ना फेंटता है, ना पकाता है। बस ऐसे ही गटक जाता है! अपने इस दावे की पुष्टि के लिए उसने इसका वीडियो भी बनाया है। वीडियो में उसे देखकर लगता है जैसे वो कोई सुपरहीरो हो, लेकिन सवाल ये है – क्या ये इंसान है या जानवर? और क्या ये सचमुच हेल्थ बेनिफिट देता है, या फिर जानलेवा रिस्क है? शख्स का दावा है कि इससे मसल्स बनते हैं, सहनशक्ति बढ़ती है और पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है। वीडियो में वो अंडे कटोरे से सीधा पीता नजर आया।

### बताया हेल्थ सीक्रेट



शख्स ने इसके साथ ही एक और चौंकाने वाला दावा किया। शख्स के मुताबिक, वो पिछले कई सालों से एक दिन भी दिन बीमार नहीं पड़ा है। अंडे पीने से उसे ऐसा महसूस होता है जैसे वो 20 साल का है। वीडियो को अभी तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं। अगर साइंस की नजर से देखें तो कच्चे अंडे में विटामिन बी12, डी, कोलेस्ट्रॉल और फैट्सोल्यूबल न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो मसल ग्रोथ और एनर्जी के लिए अच्छे हैं।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
मध्यभारत का अत्याधुनिक व विश्वसनीय कैंसर हॉस्पिटल
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त
• सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
• पैट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
• अत्याधुनिक ट्रू-बीम लिनक एवं हैलीऑन मशीन द्वारा रेडियेशन थेरेपी व ब्रैकियथेरेपी की सुविधा
• कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, इम्युनोथेरेपी
• रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
• आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क ईलाज एवं सभी PSUs व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित
सिटी सेंटर - बीएमसी कैंसर डेकेयर- कलर्स मॉल के बाजू, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 9201966330
मेन हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ.ग. 8282823333/4444

# एजुकेट गर्ल्स को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार



मनीला (फिलीपींस)। भारत की गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार संस्था को भारत की लाखों बालिकाओं की शिक्षा में असाधारण परिवर्तन लाने और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से शिक्षा को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रदान किया गया है। एजुकेट गर्ल्स यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय संस्था बन गई है। संस्था ने यह एशिया का सर्वोच्च सम्मान अपने 55,000 टीम बालिका स्वयंसेवकों, फील्ड कोऑर्डिनेटर्स और स्थानीय युवा सलाहकार को समर्पित किया है, जो हर दिन यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि भारत की हर बालिका को शिक्षा का अवसर मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके। 2007 में स्थापित एजुकेट गर्ल्स ने बीते लगभग दो दशकों में गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण, जब 6 मिनट 23 सेकंड के लिए अंधेरे में डूब जाएगी दुनिया

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

2 अगस्त 2027 को दोपहर के समय आसमान में एक बहुत ही दुर्लभ पूर्ण सूर्य ग्रहण लगेगा। यह ग्रहण पूरे 6 मिनट और 23 सेकंड तक चलेगा और इस दौरान सूरज पूरी तरह से छिप जाएगा और दिन की रोशनी एक अजीब अंधेरे में बदल जाएगी। इतने लंबे देर का ग्रहण लगभग एक सदी तक फिर नहीं देखा जा सकेगा। ज्यादातर सूर्य ग्रहण 3 मिनट से भी कम समय तक चलते है, लेकिन यह ग्रहण दोगुने से ज्यादा समय तक रहेगा जो बहुत ही अद्भुत नजारा होने वाला है।



### क्या है इतने लंबे सूर्य ग्रहण की वजह?

इस प्रभावशाली घटना का कारण 3 चीजों का एक साथ और दुर्लभ तरीके से होना है। पहला अपसौर, उस समय धरती सूरज से सबसे दूर होगी इसलिए सूरज छोटा दिखेगा। दूसरा ये कि, चांद उस समय धरती के सबसे नजदीक होगा इसलिए वह आसमान में बड़ा दिखाई देगा। तीसरा है, चंद्रमा की छाया धरती की भूमध्य रेखा के पास से गुजरेगी जिससे उसकी रफ्तार धीमी होगी और ग्रहण ज्यादा देर चलेगा।

### क्या होगा इसका रास्ता?

इस पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत अटलांटिक महासागर से होगी और यह जिब्राल्टर जलडमरूमध्य, साउथ स्पेन, उत्तरी अफ्रीका से होते हुए अरब प्रायद्वीप तक जाएगा। अंत में यह हिंद महासागर में जाकर खत्म हो जाएगा। यह रास्ता लगभग 170 मील चौड़ा होगा और बहुत ज्यादा आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरेगा जिससे लाखों लोग इस ग्रहण को देख पाएंगे।

### कितनी देर तक रहेगा अंधेरा?

साउथ स्पेन के शहर में 4 मिनट से ज्यादा समय तक पूरा अंधेरा रहेगा। मोरक्को के टैंजियर और टेटुआन इस छाया वाले रास्ते में सीधे पड़ेंगे। लीबिया के बेनगाजी के पास लगभग 5 मिनट तक अंधेरा रहेगा। सबसे लंबा नजारा मिस्र के ऐतिहासिक शहर लक्सर के पास दिखेगा, जहां 6 मिनट से ज्यादा समय तक अंधेरा तक छाया रहेगा। इतने लंबे समय तक चलने वाला अगला सूर्य ग्रहण साल 2114 में ही दिखाई देगा।

# मासूम बच्चों को बर्फ में दफना रहे पेरेंट्स!

लंदन। दुनिया में कुछ देश ऐसे हैं, जहां साल के 12 महीने बर्फ जमी या फिर हद से ज्यादा सर्दी पड़ती है। ऐसे बर्फीले देशों में पेरेंट्स अपने बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें घर से बाहर ले जा कर बर्फ में दबा देते हैं। ऊपर से उन्हें बर्फ की मोटी परत से ढक दिया जाता है। बच्चा सिर्फ सांस ही ले सकता है। ये एक काफी पुरानी प्रथा है। आपको ये नजारा काफी क्रूर लग सकता है और शायद आप अपने बच्चों के साथ कभी सपने में भी ऐसा करने के बारे में नया सोचें।

# दुनिया का सबसे अजीबोगरीब मेंढक मुंह के अंदर छिपा कर रखता है आंख

ओटावा। कभी-कभी प्रकृति ऐसी रहस्यमयी चीजें दिखा देती है, जो फिल्मी कहानी जैसी लगती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ कनाडा में, जहां एक लड़की को ऐसा मेंढक मिला जिसकी आंखें सिर पर नहीं, बल्कि उसके मुंह के अंदर थीं। पहली नजर में सुनकर ही हैरानी होती है, लेकिन ये कोई अफवाह नहीं, बल्कि विज्ञान द्वारा प्रमाणित सच्चाई है। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में बर्लिंगटन की रहने वाली एक हाईस्कूल छात्रा डीड्रे अपने यार्ड में खेल रही थी, तभी उसने एक अजीब से टोड (मेंढक) को देखा। वो मेंढक आंखें बंद किए बैठा था, लेकिन जैसे ही उसने मुंह खोला, डीड्रे देखते ही बुरी तरह चीख पड़ी।



Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
मस्तिष्क व रीढ़ की निम्न समस्याओं के लिए संपर्क करें
• सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
• रीढ़ की हड्डी की चोट
• ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
• बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेलस)
• पीठ में फोड़ा (मेनिनगोसील)
• माइक्रो एण्डोस्कोपी
• सिरदर्द, लकवा सियाटिका
• कमरदर्द, हाथपैर में दर्द
• स्लिप डिस्क आदि का इलाज
डॉ. राजेश जैन
न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

24x7 Helpline: 7876977777 | www.drorthooil.com
घुटना दर्द
पीठ दर्द
कंधा दर्द
इत्यादि में सहायक
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
डा. ऑर्थो पूरा नाम पढ़कर ही खरीदें
मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
घुटने का दर्द
कमर का दर्द
कंधे का दर्द
कलाई का दर्द
Clinically Tested*
World Brand Summit Most Trusted Brand of Asia 2016
Asia's Most Promising Brand
Dr. Ortho Oil
20% EXTRA

Mera रूप श्रृंगार
सुन्दर त्वचा, आकर्षक निखार
फेस वाश • साबुन • क्रीम
छाईया दाग धब्बे काले घेरे
खरीदारी के लिए कोड स्कैन करें
www.wellncare.com
9896277535 & 9896134500
सम्पूर्ण कॉस्मेटिक रेंज हर प्रमुख दवा विक्रेता के यहां उपलब्ध

ZEE
करोड़ो लोगो का आज़माया
MYFAIR
रूप संवारे, त्वचा निखारे
झुरियां काले घेरे छाईया
फेस वाश • साबुन • क्रीम
www.wellncare.com
9896277535 & 9896134500
खरीदारी के लिए कोड स्कैन करें
सम्पूर्ण कॉस्मेटिक रेंज | हर प्रमुख दवा विक्रेता के यहां उपलब्ध

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com